राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 318
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 11 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर नोएडा हाट में आयोजित हो

पेज 4 सीएम ने सुनी 200 लोगों की फरियाद

पेज 6 दूसरा टेस्ट : यशस्वी के शतक से भारत ने बनाये दो विकेट पर

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिसकर्मियों की पिटाई से डीएसपी के साले की मौत

भोपाल। भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र में डीएसपी के साले की मौत का मामला सामने आया है। आरोप है कि देर रात पार्टी के दौरान पुलिस ने युवक उदित की पिटाई की थी। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है, घटना के बाद बेहोश हुए उदित को उसके दोस्तों ने एम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को एम्स में ही शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि मौत हार्ट अटैक से नहीं हुई है। मौत का कारण मारपीट है। उदित के पेनक्रियाज में गंभीर इंज्यूरी हुई थी। जिसके कारण उसकी जान चली गई। पहले पुलिस ने यह आशंका जताई थी कि शायद उदित की मौत हार्ट अटैक से हुई है।


### जहरीले सिरप के कंपनी मालिक को नहीं मिला वकील

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश में 25 बच्चों की मौत का कारण बने कफ सिरप को बनाने वाली कंपनी के मालिक गोविंदन रंगनाथन को शुक्रवार को छिंदवाड़ा जिले की परासिया कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान उन पर हमले की कोशिश की गई। लोगों और वकीलों ने हत्यारे को फांसी दो के नारे लगाए। आरोपी रंगनाथन को प्रथम श्रेणी न्यायाधीश शैलेंद्र उइके की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 10 दिन की रिमांड पर सौंपा है। इससे पहले मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विशेष जांच दल सुबह 11 बजे रंगनाथन को लेकर परासिया पहुंचा था। उसे परासिया थाने में में रखा गया था।



## हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी अपने पति की उंगली
बिजली के बोर्ड में डालने लगी
तभी पति हाथ छुड़वाते हुए
बोला- करंट लग जायेगा
पत्नी- डोंट वेरी कल ही
करवाचौथ का व्रत किया है
चेक कर रही
हूं, ठीक से हुआ है या
नहीं......



## शायरी

मरहम लगा सको तो किसी
गरीब के जख्मों पर लगा देना,
हकीम बहुत है बाजार में अमीरों
के इलाज की खातिर।

## अर्थसार

सेंसेक्स:
82,500.82
+328.72 (0.40%)
निफ्टी:
25,285.35
+103.55



## मौसम



अधिकतम : 29 डिग्री से0
न्यूनतम : 19 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 6 : 23
सूर्यास्त शनिवार : 6 : 13

# राजस्थान-एमपी के शहरों में रात का पारा 15 तक रिकॉर्ड

## पहाड़ों पर बर्फबारी, हिमाचल के केलोंग में पारा -1 दर्ज; मनाली-लेह हाईवे 4 दिन से बंद



नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में देखने को मिल रहा है। हवा का रुख बदल कर उत्तरी होने से ठंड ने दस्तक दे दी है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। सुबह सर्द हवाओं के साथ हल्का कोहरा भी छाने लगा है।

### हिमाचल के लाहौल स्पीति में -1 तापमान

हिमाचल प्रदेश में लगातार चार दिन बारिश और बर्फबारी के बाद गुरुवार को मौसम साफ रहा। हालांकि, कुल्लू, लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा, मंडी, कांगड़ा और शिमला में बर्फ की चादर बिछी है। लाहौल-स्पीति के केलोंग में कल सबसे कम तापमान -1 दर्ज किया गया। कुकुमसेरी में -0. 9 तापमान रहा। शिमला में न्यूनतम तापमान 9.8 और मनाली में 7.7 दर्ज किया गया। मनाली-लेह हाईवे दारचा और सरचू के बीच लगातार चौथे दिन बंद रहा। कोकसर से पलचान, रोहतांग दर्रे से मनाली, कोकसर से कुंजुम टॉप तक की सड़कें भी भारी बर्फबारी के कारण बंद हैं।

मध्य प्रदेश का राजगढ़ गुरुवार को सबसे ठंडा रहा। यहां रात का पारा 15.6दर्ज हुआ।

भोपाल का न्यूनतम तापमान 1.6 गिरकर 18 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 2.4 कम है। राजस्थान के सिरोही में भी रात का तापमान 15.2 रहा।

## पूजा-अर्चना



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करती हुईं।

## सौ करोड़ के साइबर फ्रॉड का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने कई साइबर धोखाधड़ी मामलों में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत गुजरात में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला लोगों से सौ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी से संबंधित है। ईडी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रविधानों के तहत मकबूल अब्दुल रहमान डाक्टर, काशिफ मकबूल डाक्टर, महेश मफतलाल देसाई और ओम राजेंद्र पांड्या को हिरासत में लिया है। आरोप है कि मकबूल डाक्टर, उसके बेटे काशिफ मकबूल डाक्टर और बासम मकबूल डाक्टर, देसाई, पांड्या और कुछ अन्य लोगों ने भोले-भाले लोगों के साथ साइबर धोखाधड़ी की। इन पर डिजिटल गिरफ्तारी करने , विदेशी मुद्रा व्यापार, ईडी और सुप्रीम कोर्ट के नाम पर फर्जी नोटिस भेजकर निर्दोष व्यक्तियों को धमकाने का आरोप है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- पटाखों पर पूरी तरह बैन लगाना असंभव

## दिल्ली-एनसीआर के राज्यों ने कहा- बच्चों को त्योहार मनाने दें

नई दिल्ली। दिवाली से कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन हटाने की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कहा- दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन लगाना असंभव सा है। यह व्यावहारिक और आदर्श नहीं है। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि ऐसे प्रतिबंधों का अक्सर उल्लंघन होता है। इसी के साथ बेंच ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को बनाने और बेचने की परमिशन देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

सुनवाई के दौरान केंद्र और दिल्ली-एनसीआर के राज्यों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- बच्चों को त्योहार मनाने दें। बिना टाइम लिमिट और रोक-टोक पटाखे फोड़ने दिए जाएं। इससे पहले 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे बनाने की मंजूरी दी थी, लेकिन बिना कोर्ट की इजाजत हृष्टक्र में बिक्री न करने की शर्त रखी थी। दिल्ली-एनसीआर में दिल्ली और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के 16 जिले आते हैं। 7 सालों से दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन दरअसल, 2017 में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन लगाते हुए ग्रीन पटाखे जलाने का आदेश दिया था। इसके बाद 2018 में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया। 2024 तक यह बैन लगा रहा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदूषण स्तर ज्यादा नहीं घटा। साथ ही लोग अक्सर प्रतिबंध तोड़ते रहे। इसी वजह से दिवाली पर बैन का उल्लंघन होने के बाद कोर्ट ने दिल्ली में सभी तरह के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर रोक लगा दी। 19 दिसंबर 2024 को दिल्ली सरकार ने 2025 के पूरे साल पटाखों पर बैन का नोटिफिकेशन जारी किया था।



# बिहार के बाद अब देशभर में एसआईआर करवाएगा चुनाव आयोग

## पहले फेज में बंगाल, असम समेत 5 राज्य, इनमें अगले साल विधानसभा चुनाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग बिहार के बाद अब देशभर में फेजवाइज स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर(सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करवाएगा।

न्यूज एजेंसी को चुनाव आयोग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।

न्यूज एजेंसी के अनुसार, देश में एसआईआर की शुरुआत उन राज्यों से होगी, जहां अगले साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पहले फेज में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट का वेरिफिकेशन होगा।

दरअसल, चुनाव आयोग एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट की जांच करता है। आयोग के अनुसार, इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं, जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है।

### सीईसी बोले- सभी राज्यों में एसआईआर पर काम चल रहा

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने 6 अक्टूबर को कहा था कि सभी राज्यों में एसआईआर शुरू करने का काम चल रहा है।

इसके रोलआउट पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग लेगा। तीनों आयुक्त राज्यों के लिए एसआईआर शुरू करने की तारीखों पर फैसला लेने के लिए मिलेंगे।

बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा करते हुए सीईसी कुमार ने 24 जून को बिहार एसआईआर शुरू करते समय अखिल भारतीय एसआईआर की योजना की घोषणा की थी।

### एअर इंडिया के बोइंग-787 ग्राउंड करने की मांग

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने शुक्रवार को सिविल एविएशन मंत्रालय से एअर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों को ग्राउंड करने की मांग की। एक हफ्ते में दो घटनाओं के बाद एफआईपी ने इलेक्ट्रिकल सिस्टम की जांच और डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन से एअर इंडिया का स्पेशल ऑडिट करने की मांग की। एफआईपी अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने सिविल एविएशन मंत्री के राममोहन नायडू को इस मामले में पत्र लिखा है।

# हरियाणा आईपीएस सुसाइड केस- आज पोस्टमॉर्टम संभव

**चंडीगढ़।** हरियाणा आईपीएस वाई पूरन कुमार के सुसाइड को 5 दिन हो गए हैं। हरियाणा सरकार इस केस में आरोपी पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया को हटाने पर फैसला नहीं ले पाई है।

दिवंगत आईपीएस की आईएएस अफसर पत्नी अमनीत पी. कुमार 3 मांगों पर क्लियर स्टैंड लिए हुए हैं। पहला, एफआईआर को करेक्ट किया जाए। दूसरा डीजीपी व एसपी को हटाया जाए और तीसरा उन्हें तुरंत अरेस्ट किया जाए। शुक्रवार रात 10 बजे होम सेक्रेटरी डॉ. सुमिता मिश्रा ने पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार से मीटिंग की। इसमें पोस्टमॉर्टम पर सहमति बन गई है। आज परिवार पोस्टमॉर्टम करा सकता है। पूरन कुमार की डेडबॉडी सेक्टर 16 स्थित गवर्नमेंट अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखी है।

# जुबीन गर्ग मौत केस, सिंगर के 2 सिक्योरिटी ऑफिसर अरेस्ट

## 17 दिन बाद भी असम सरकार दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट नहीं दिखा रही

**गुवाहाटी।** असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की संदिग्ध मौत मामले में उनके दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। दोनों का नाम नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य है, जो लंबे समय से जुबीन गर्ग के सिक्योरिटी ऑफिसर थे।

पुलिस ने दोनों को उनके बैंक अकाउंट से पिछले चार-पांच सालों के दौरान 1 करोड़ से ज्यादा के लेन-देन के मामले में गिरफ्तार किया है। इनमें से 70 लाख बोरा और 40 लाख बैश्य के खाते में आए थे। दोनों अफसरों को पहले ही सस्पेंड कर दिया गया था।



सिंगर की मौत मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें जुबीन के चचेरे भाई और डीएसपी संदीपन गर्ग, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, सह गायिका अमृतप्रभा महंत, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकनु महंत, बैंड के ड्रम मास्टर शेखर ज्योति गोस्वामी शामिल हैं। जुबीन की 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र में डूबने से मौत हो गई थी। उस वक्त जुबीन नाव में कुल 17 लोगों के साथ सवार थे। जुबीन जिस कार्यक्रम के लिए सिंगापुर गए थे, उसे श्यामकनु ने ऑर्गनाइज किया था।

# आरएसएस प्रचारक से मारपीट, उपद्रव करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

- बैतूल के मुलताई में 30 पर केस दर्ज; दो एसआई निलंबित, टीआई लाइन अटैच

**मुलताई।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के मुलताई में गुरुवार शाम को दो समुदायों के बीच हुए हंगामे के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कुल 30 लोगों पर केस दर्ज हुआ है। बैतूल एसपी वीरेंद्र जैन ने लापरवाही बरतने को लेकर देर रात दो सब इंस्पेक्टर निलंबित कर दिया है। वहीं, थाना प्रभारी को पहले ही लाइन अटैच कर दिया गया था।

शहर में धारा 163 (144) लगाई गई है। आज सुबह मस्जिद से ऐलान किया गया कि लोग दो-दो करके जुमे की नमाज के लिए आए। भीड़ न लगाएं।




दरअसल, मुलताई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिशुपाल यादव के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी थी। इसके बाद हंगामा मच गया।

दो समुदाय के लोग सड़क पर आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर मामला शांत कराया।

### रात में थाने का घेराव किया

रात में आरएसएस प्रचारक से मारपीट के विरोध में लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। जिन युवकों ने जिला प्रचारक के साथ मारपीट की, उनके घरों के सामने भी लोग जमा हो गए। प्रदर्शनकारी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। थाने के सामने तोड़फोड़ की। कई जगह ठेले पर लगी फलों की दुकानों को भी पलटा दिया।

### कलेक्टर और एएसपी मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी और एएसपी कमला जोशी भी मुलताई पहुंचे। पांढुर्णा से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी गई। देर रात प्रशासन ने शहर में धारा 163 लगा दी। ये धारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लागू की जाती है।

### जिलेभर में पुलिस बल तैनात, स्कूलों की छुट्टी

जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। मुलताई में पुलिस बल तैनात किया गया है, जिसमें अमला, आठनेर, प्रभात पट्टन और बैतूल सहित आसपास के थानों से पुलिसकर्मी बुलाए गए हैं।

शहर के मुख्य मार्गों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनात की गई है। सभी निजी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

# अखिलेश का फेसबुक अकाउंट सस्पेंड, 80 लाख फॉलोअर्स थे

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक पेज सस्पेंड कर दिया गया है। इस पेज से करीब 80 लाख लोग जुड़े थे। अब ये तकनीकी खामी है या कोई और मामला है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं दी गई है।

अभी तक इस मामले में मेटा या मेटा इंडिया की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। फेसबुक ने कोई वॉर्निंग दी थी या नहीं, यह भी पता नहीं चल पाया है। फिलहाल, सपा नेता और कार्यकर्ता भड़क उठे हैं। मेरठ की सरधना सीट से विधायक अतुल प्रधान ने कहा, अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट बंद करवाकर सरकार उनको जनता के दिलों से दूर नहीं कर सकती।



### पेज सर्च करने पर क्या दिख रहा है?

अखिलेश यादव का फेसबुक पेज सर्च करने पर एक विंडो खुलकर सामने आती है। जिसमें लिखा है- यह कंटेंट अभी उपलब्ध नहीं है। आमतौर पर इसलिए होता है, क्योंकि इसके ओनर ने इसे केवल लोगों के एक छोटे समूह के साथ शेयर किया है, बदल दिया है कि इसे कौन देख सकता है या इसे हटा दिया गया है।

## सीएजी रिपोर्ट

### कफ सिरप से बच्चों की मौत मामला; सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग खारिज की

# सीएजी रिपोर्ट में खुलासा- तमिलनाडु में दवा जांच में अनदेखी

एजेंसी

नई दिल्ली। तमिलनाडु में बने कफ सिरप से एमपी-राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला चर्चा में आने के बाद भारत के महालेखा परीक्षक की 10 दिसंबर 2024 की तमिलनाडु के पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रचर एंड मैनेजमेंट ऑफ हेल्थ सर्विस से जुड़ी एक रिपोर्ट में सामने आई।

इसमें बताया गया है कि राज्य में ड्रग इंस्पेक्शन (टेस्टिंग) में कमी देखी गई थी।

साथ ही ड्रग्स (दवा) सैंपल कलेक्शन में भी कमी की गई थी। तमिलनाडु में एक लाख सैंपल के टेस्टिंग का टारगेट था, लेकिन सिर्फ 66,331 टेस्ट ही किए गए थे।



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश-राजस्थान में कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले में सीबीआई या ज्यूडिशियल जांच की मांग खारिज कर दी है।

सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ब्रीफ सुनवाई के बाद ये फैसला किया।

विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की थी कि ये लापरवाही की चरम सीमा है। इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

केंद्र की ओर से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध किया। उन्होंने कहा- याचिका अखबारों में पढ़ी गई खबरों पर आधारित है। घटना से संबंधित कोई भी दस्तावेज या सबूत याचिकाकर्ता के पास मौजूद नहीं है। ऐसे में इस याचिका पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। एमपी के छिंदवाड़ा, बैतूल और पांढुर्णा में जहरीले कफ सिरप कोल्ड्रिफ के सेवन से अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्युटिकल का मालिक रंगनाथन 9 अक्टूबर को चेन्नई से गिरफ्तार किया गया। उसे आज छिंदवाड़ा लाया जा रहा है। मामले में जांच एसआईटी कर रही है।

### सीएजी ने 2024 में क्या कहा...

2016-17 में तमिलनाडु में कुल 1,00,800 टेस्टिंग का टारगेट था, लेकिन 34 प्रतिशत कम यानी 66,331 टेस्ट ही किए गए।

2020-21 में ड्रग्स इंस्पेक्शन की कमी बढ़कर 38 प्रतिशत हो गई, इस दौरान 1 लाख 800 टेस्ट की जगह केवल 62,358 टेस्ट ही किए गए।

2016 से 2021 के पीरियड में सबसे ज्यादा 40 प्रतिशत टेस्ट की कमी 2019-20 में दर्ज की गई थी।

ड्रग्स इंस्पेक्टरों ने दवा के सैंपल कलेक्ट करने में लापरवाही दिखाई, साल 2018-19 और 2020-21 में सैंपल कलेक्शन में 54 प्रतिशत की कमी रही।

# संपादकीय

## भारत के चौराहे पर : विकास या वैभव?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### भूमिका : विकास की चमक या वैभव का भ्रम?

भारत आज एक चौराहे पर खड़ा है।
एक ओर गगनचुंबी इमारतें, स्टॉक मार्केट के रिकॉर्ड, और विदेशी निवेश की चमक है;
दूसरी ओर, गाँवों में वही पुराना संघर्ष — बेरोज़गारी, शिक्षा की कमी, पलायन और कर्ज़ में डूबा किसान।
जीडीपी बढ़ रही है, लेकिन जनता की जेब खाली है।
कॉरपोरेट्स के मुनाफ़े आसमान छू रहे हैं,
पर आम आदमी की आय ज़मीन में गड़ गई है।
सवाल यह नहीं कि भारत अमीर हुआ या नहीं —
सवाल यह है कि भारत में कौन अमीर हुआ, और कौन अदृश्य कर दिया गया?

### राष्ट्रीयता या नफ़रत? – जब विचारों को देशभक्ति से तोला गया

कभी राष्ट्रप्रेम एक भावना था — अब वह मापने का पैमाना बन गया है।
जो सत्ता से सवाल करे, वह 'देशद्रोही' कहलाने लगता है।
संवाद की जगह टकराव ने ले ली है,
और असहमति को दुश्मनी समझ लिया गया है।
भारत की असली ताक़त हमेशा उसकी 'एकता में विविधता' रही है,
पर आज यही विविधता राजनीति का औज़ार बन गई है।
हमें याद रखना होगा —
राष्ट्र का अर्थ 'एक धर्म, एक दल या एक नेता' नहीं,
बल्कि सवा सौ करोड़ इंसानों की बराबर हिस्सेदारी है।

### युवाशक्ति या युवाभ्रम? – दिशाहीन ऊर्जा का संकट

दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत के पास है,
लेकिन सबसे कम अवसर भी इन्हीं के लिए हैं।
शिक्षा, कौशल और रोज़गार की जगह युवाओं को
नारेबाज़ी, धर्म और भावनात्मक भाषणों में उलझा दिया गया है।
यह पीढ़ी भारत की रीढ़ बन सकती थी,
पर उसे 'जॉबलेस नेशनलिज़्म' में फँसा दिया गया।
युवा को चाहिए रोज़गार, नहीं नारा।
उसे चाहिए भरोसा, नहीं भ्रम।

### लोकतंत्र या लोकप्रचार? – जब संस्थाएं मौन हो गईं

संविधान की आत्मा पर सबसे गहरा घाव
संस्थाओं की निर्वाकता से हुआ है।
जब न्यायपालिका भयभीत हो,
मीडिया 'वॉचडॉग' से 'पब्लिसिटी एजेंसी' बन जाए,
और संसद महज़ हाथ उठाने की औपचारिकता रह जाए —
तो लोकतंत्र नाम का ढाँचा तो बचता है,
पर उसकी आत्मा मर जाती है।
भारत को फिर से वही संस्थागत ताक़त चाहिए
जो सत्ता से नहीं, संविधान से निष्ठावान हो।

### आस्था या अंधभक्ति? – जब विवेक पर परदा डाल दिया गया

धर्म भारत की आत्मा है,
पर अंधभक्ति उसका पतन।
आज जब विवेक पर आस्था भारी पड़ रही है,
तो समाज सोचने से डरने लगा है।
जब धर्म सत्ता की सीढ़ी बन जाए,
तो ईश्वर भी राजनीति का औज़ार बन जाता है।
हमें फिर से वह भारत खोजना होगा
जहाँ तुलसी और कबीर सत्ता से नहीं,
सत्य से टकराने का साहस रखते थे।

### निष्कर्ष : दिशा वही सही है जो सबको साथ ले जाए

भारत के सामने आज दो रास्ते हैं —
एक 'चमक' की ओर जाता है,
दूसरा 'चेतना' की ओर।

चमक ताली दिला सकती है,
पर चेतना इतिहास बदल सकती है।

**भारत को तय करना होगा —**
क्या वह सिर्फ़ 'आगे बढ़ना' चाहता है,
या 'सही दिशा में आगे बढ़ना' चाहता है।

सच्चा नेतृत्व वही होगा,
जो भारत को अमीरी नहीं,
बराबरी की रोशनी में आगे ले जाए।




11 अक्टूबर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

# समाज में परिवर्तन की वाहक बने बालिकाएं

रमेश सर्राफ धमोरा




अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित एक अंतर्राष्ट्रीय पालन दिवस है। 11 अक्टूबर 2012 को पहली बार बालिका दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 11 अक्टूबर को पूरी दुनियां में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस दुनिया भर में लड़कियों द्वारा उनके लिंग के आधार पर सामना की जाने वाली लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस असमानता में शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल और भेदभाव से सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरन बाल विवाह जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं। संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां। यह थीम संकट की परिस्थितियों में लड़कियों की दृढ़ता, नेतृत्व और सशक्त भूमिका पर केंद्रित है। यह थीम उन चुनौतियों पर प्रकाश डालती है जिनका सामना बालिकाएं करती हैं। जैसे संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और असमानताएं। यह थीम बालिकाओं को केवल संकट के शिकार के रूप में नहीं बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में पहचानने पर जोर देती है। यह थीम शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा में निवेश का आह्वान करती है ताकि वे बेहतर और समावेशी दुनिया का निर्माण कर सकें।

आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 12 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2023-24 में 12 अंक बढ़कर 930 हो गया।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है।

अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियां अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं।


समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है।

हम सभी जानते हैं कि एक लड़की समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वह एक मा, एक बेटी, एक पत्नी इस तरह कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती है। उसे घर की शांति बनाए रखने वाली स्तंभ माना जाता है और फिर भी उसका अपमान किया जाता है। स्त्रियां ही संतति की परम्परा में मुख्य भूमिका निभाती है फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक स्त्रियां उपेक्षित ही रही है।

हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3677




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3676 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक सेठ अपने बेटे को कॉलेज में नाम लिखवाने आये.

'सेठजी आप लेट हो गए हैं, अब तो कोई भी सीट खाली नहीं है.' प्रधानाचार्य ने कहा.

सेठजी ने कहा-आप चिन्ता न करें, मेरे बेटे का नाम लिख लें. सीट मैं नयी बनवा दूँगा.

□ □ □

'कुँवारे व्यक्ति को तुम स्वार्थी क्यों कहती हो ?' पहली फिल्म अभिनेत्री ने दूसरी फिल्म अभिनेत्री से पूछा.

दूसरी अभिनेत्री ने कारण बताया, 'क्योंकि कुँवारा व्यक्ति किसी महिला को तलाक का अवसर नहीं देता.'

□ □ □

विवाह के कुछ दिन बाद पति-पत्नी में लड़ाई हो गयी. पत्नी बोली, 'मैं मायके जा रही हूँ, अब नहीं आऊँगी.'

पति शांत रहा. उसने जेब में हाथ डाला और उसे रुपये देकर बोला, 'यह लो ट्रेन का किराया.'

पत्नी ने रुपये गिने और बोली, 'ट्रेन की वापसी का किराया कौन देगा ?'

□ □ □

युवती-किसी ने सत्य ही कहा है कि जिसे शक्ल मिलती है उसे अक्ल नहीं मिलती.

युवक-इसलिए तो मैंने तुमसे प्रेम किया है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3677



**बायें से दायें:-**

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3676



## सूडोकु -3677


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3676 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3677




**बाएँ से दाएँ**

1.मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3.रुई की फसल-3
5.वंश,खानदान-2
6.आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7.जी,इच्छा,चित्त-2
9.पहनना-3
11.दास,नौकर,सेवक-5
14.अग्नि,आग-3
16.चयनित,स्वीकृत-4
17.जाति,संप्रदाय-2
18.उस समय-2
19.आदत,व्यवहार-4
23.माला का मोती-3
24.लालन-पालन-5
27.पूर्णिमा-3
28.वश,अधीन-2
30.खबर देने वाला-3
31.खदान,माइन-2
32.आश्रय,पनाह-3
33.संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1.घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2.धारा के बीच में,अधर में-2,2
3.आफत,आपदा-3
4.एक समान-2
5.गृहपति,चांसलर-4
6.दाना-2
8.प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10.रोकर धनराशि-3
12.प्रेम ,आसक्ति-3
13.नीर,जल-2
15.भाग्य,तकदीर-3
17.जंबुल,जांब-3
18.टेंशन,परेशानी-3
20.काया,बदन-2
21.उष्णता-3
22.नाश होने योग्य-4
23.साम्राज्ञी,रानी-3
25.रमण करने योग्य-4
26.अदा,चोंचला-3
27.पूड़ी,गोलगप्पा-2
29.पिता की बहन-2
31.उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली -3676 का हल



# '26 मंज़िल का खेल : 29 मंज़िल का कमाल!'

## भूटानी इंफ्रा पर फूटा नया बम : पोंजी स्कीम, अवैध निर्माण और विदेशी जश्न में उड़ी जनता की कमाई!

BHUTANI INFRA
INSPIRED BY INNOVATION

**विशेष संवाददाता, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक**

### '26 फ्लोर की परमिशन : लेकिन बना दिए 29 फ्लोर!'

नोएडा के सेक्टर 90 में बना भूटानी ग्रुप का अल्फ़ाथम प्रोजेक्ट अब उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट इतिहास का सबसे बड़ा विवाद बन चुका है।

### इंडिया न्यूज़ की एक्सक्लूसिव रिपोर्ट ने पूरे सिस्टम को झकझोर दिया है —

'नोएडा प्राधिकरण ने 26 फ्लोर की अनुमति दी, लेकिन भूटानी इंफ्रा ने बना दिए 29 फ्लोर।'
यानी कानून को ठेंगा, नियमों को नंगा और प्राधिकरण को बेबस बना दिया गया।

### अवैध निर्माण से करोड़ों का नुकसान, एफआईआर दर्ज, अफसर खामोश!

**जिला प्रशासन के सूत्रों के अनुसार :**

- सेक्टर 90 के अल्फ़ाथम प्रोजेक्ट में स्टाम्प ड्यूटी चोरी का केस पहले से डीएम कोर्ट में लंबित है।
- सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हुआ है।
- और अब 5 अक्टूबर को नोएडा के सेक्टर 142 थाने में दर्ज एफआईआर ने इस पूरे खेल का पर्दाफाश कर दिया है।

### 11 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज, जिनमें शामिल हैं —

प्रेम भूटानी, गौरव शर्मा, संजय रस्तोगी, आदित्य राज सक्सेना, नमन नसीम, साक्षी, मधुरी, राजेश टंडन, अमित, और अनुराधा शर्मा।

### एफआईआर में लिखा गया — 'सपनों का ऑफिस, लेकिन सब झूठ'

दिल्ली की कंपनी NWD & Soft Infrastructure Pvt. Ltd. ने पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को दी शिकायत में कहा —
'भूटानी इंफ्रा ने हमें अल्फ़ाथम प्रोजेक्ट में ऑफिस यूनिट का झांसा दिया, 1.62 करोड़ लिए, लेकिन न प्रॉपर्टी दी न पैसा लौटाया। जब संपर्क किया तो आरोपी का फोन स्विच ऑफ मिला।'

*यानि 'बिकने से पहले बिक गई ईमानदारी!'*

### बाइक-बोट से भूटानी तक — वही स्क्रिप्ट, नए चेहरे

याद कीजिए बाइक-बोट घोटाला, जिसने हज़ारों परिवारों की ज़िंदगी तबाह की थी।
अब वही कहानी भूटानी इंफ्रा में दिख रही है।

> **विशाल इंडिया की मुहिम -#जनता#जागे**
> हम यह साफ़ कर देना चाहते हैं —
> अब समय आ गया है कि जनता अपनी आंखें खोले,
> और सत्ता से यह पूछे —
> 'भूटानी जैसे बिल्डरों की औकात बढ़ाने में सरकार की क्या भूमिका है?'

### ईडी की रिपोर्ट कहती है —

कंपनी ने 3,500 करोड़ रुपये से ज़्यादा जुटाए, जिनमें से 200 करोड़ विदेश भेजे गए।
शुरुआत में ऊँचे रिटर्न का झांसा, फिर साइलेंस, फिर बर्बादी।
यही है भारत की नई 'रीयल एस्टेट पोंजी स्कीम'।
***प्राधिकरण की मिलीभगत या मौन आशीर्वाद?***

### सवाल अब जनता पूछ रही है —

'क्या 29 फ्लोर बिना अनुमति बने तो प्राधिकरण अंधा था?'
'क्या करोड़ों की स्टाम्प ड्यूटी चोरी बिना किसी सरकारी छतरी के हो सकती है?'

**यह चुप्पी, यह मौन :** यही तो सबसे बड़ा सबूत है कि सिस्टम की जड़ें सड़ चुकी हैं।

### जनता रोई, और विदेश में हुआ शाही जश्न!

विडंबना देखिए —
जहाँ निवेशक अदालतों में चप्पलें घिस रहे हैं,
वहीं बिल्डर साहब विदेशों में 'शाही जन्मदिन पार्टियाँ' मना रहे हैं।
लाखों रुपये की शराब, करोड़ों की आतिशबाज़ी, वो भी उसी जनता के पैसे से जिसने ईमानदारी से निवेश किया।
यानी —
'जनता की जेब से निकला पसीना,
बिल्डरों की मेज़ पर बना वाइन।'
जनता के नाम चेतावनी - यह सिर्फ़ शुरुआत है!
बाइक-बोट, सहारा, रोज़ वैली, पर्ल्स, शारदाज और अब भूटानी।
हर बार नया नाम, पर ठगी का वही फार्मूला।

***'निवेश पर गारंटी, प्रोजेक्ट पर सपना,***
***और आखिर में - सब गायब!'***

### निष्कर्ष

भूटानी इंफ्रा सिर्फ़ एक कंपनी नहीं — यह सिस्टम की नाकामी का प्रतीक बन चुका है।
जहाँ नियम बिके हैं, और ईमानदारी गिरवी रखी गई है।
***'26 फ्लोर का नक्शा, 29 फ्लोर की इमारत —***
***यही है भारत की भ्रष्ट रियल एस्टेट गाथा।'***

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर नोएडा हाट में आयोजित हो रहा है 10 दिवसीय यू0पी0 ट्रेड शो-स्वदेशी मेला 2025

## ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के माननीय मंत्री सोमेंद्र तोमर ने रिबन काटकर किया स्वदेशी मेले का उद्घाटन



गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश के शिल्पियों, कारीगरों एवं स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने और स्वदेशी उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित यू0पी0 ट्रेड शो-स्वदेशी मेला 2025 का आज नोएडा हाट, सेक्टर-33ए में भव्य उद्घाटन हुआ। इस 10 दिवसीय मेले का उद्घाटन ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर जी के कर-कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर माननीय मंत्री जी का स्वागत मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवकांत द्विवेदी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

माननीय मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह स्वदेशी मेला प्रदेश के कारीगरों और उद्यमियों के कौशल, परिश्रम और सृजनशीलता का प्रतीक है। माननीय प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य सरकार 'वोकल फॉर लोकल' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।
मंत्री जी ने विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि ये महिलाएं अपने हुनर से न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रही हैं।

## पशु को पत्थर मारने पर दो पक्ष भिड़े

जेवर। ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के डेरीन खूबन गांव में एक पशु को पत्थर मारने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान चले लाठी-डंडों, फरसे और तलवार से एक पक्ष की 2 महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने 8 नामजद समेत 23 लोगों के खिलाफ शुक्रवार शाम को केस दर्ज कर लिया हैं। पीड़ित पक्ष के सद्दाम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि गुरुवार रात को उनके पड़ोस का एक बच्चा उनके पशुओं को पत्थर मार रहा था। जिसको देखकर बच्चे की शिकायत करने आरोपी पक्ष के घर उनके माता-पिता पहुंचे थे। आरोप है कि इसी बात से गुस्साए आरोपी पक्ष ने पुरानी रंजिश के चलते उनके घर में घुसकर लाठी-डंडे, फरसे और तलवार से उनके माता-पिता और बहन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित जब बचाने पहुंचे तो उन पर भी हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में उनके माता-पिता और बहन को गंभीर चोट आई। जिनको ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत ज्यादा खराब हो गई है। जिसके चलते डॉक्टरों ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए भेज दिया हैं। जहां पर उनके पिता जलील और माता की हालत ज्यादा गंभीर बनी हुई है। इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पक्ष के पप्पू, अकरम, इमरान, इसरार, ममताज, शमीम, अफसान, नन्हे समेत 15 अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

## गौ तस्कर को लगी गोली, तमंचा और बाइक बरामद

**एजेंसी**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई।
यमुना एक्सप्रेसवे पर चपरगढ़ अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश ने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह गोली लगने से घायल हो गया।
घायल बदमाश की पहचान हापुड़ जिले के धौलाना थाना क्षेत्र के देहरा गांव निवासी राजा (23 वर्ष) के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
पुलिस ने मौके से .315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की है।
दनकौर पुलिस के मुताबिक, आरोपी राजा करीब एक माह पहले दनकौर क्षेत्र में दो गौवंशों के वध में शामिल था। इसके अलावा, उस पर हापुड़ जिले में भी गोवंश वध के कई मामले दर्ज हैं।
एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

# जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों से 08 खाद्य पदार्थों के नमूने किए संग्रहित

**गौतम बुद्ध नगर।** आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।
इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा घोड़ी बछेड़ा स्थित अनुज कुमार शाक्य की रसगुल्ला निर्माणशाला पर छापा मारा गया तो विभिन्न दुकानों पर सप्लाई किए जाने के उद्देश्य से अस्वच्छकर दशा में बनाकर गंदे तरीके से भंडारण किए हुए भारी मात्रा में रसगुल्ला पाए गए, जिसमें मक्खी मच्छर भी पाए गये, इसके अतिरिक्त सफेद रंग का पावडर भी मिला जिसे उसके द्वारा अरारोट पाउडर बताया गया।



इस निर्माणशाला से रसगुल्ला का 01, छेना का 01, दूध का 01 एवं सफेद पाउडर का 01 नमूना लेकर शेष लगभग 285 किग्रा रसगुल्ला नष्ट करा दिये गये तथा 35 किग्रा सफेद पाउडर सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस के पांडेय, ओ. पी. सिंह एवं विशाल गुप्ता की टीम द्वारा टी वी एस वाली गली ब्रह्मपुरी दादरी स्थित गर्ग एजेंसी से सरसों के तेल का 01 व राइस ब्रान ऑयल का 01 नमूना लेकर अवशेष लगभग 150 किग्रा सरसों का तेल एवं 200 किग्रा राइस ब्रान ऑयल प्रथम दृष्टया मिलावटी/मिथ्याछाप प्रतीत होने के कारण सीज कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, विजय बहादुर पटेल एवं रविंद्र नाथ वर्मा की टीम द्वारा सूरजपुर ग्रेटर नोएडा स्थित लियाकत किराना स्टोर से बेसन का 01 नमूना तथा ऐच्छर ग्रेटर नोएडा स्थित लक्ष्मी डेयरी से पनीर का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार कुल 08 नमूने संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।
सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

# कारोबारी भाइयों से 4.62 करोड़ के चेक साइन कराए

## बंधक बनाने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया मुकदमा

नोएडा। दो कारोबारी भाईयों को होटल में बंद कर 4.62 करोड़ रुपए के चेक जबरन साइन कराने के आरोप में दो नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ फेज तीन थाने में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज हुआ है। आरोपियों पर पीड़ित के साथ मारपीट करने का भी आरोप है। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।
ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी अविचंद ने कोर्ट में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि वह और उनके भाई विजित कारोबारी हैं।
दोनों का दिल्ली के प्रवीण और आकाश से लेनदेन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। प्रवीण और आकाश के खिलाफ अविचंद ने फेज तीन थाने में 13 मई को शिकायत दी थी।




आरोप है कि जैसे ही शिकायतकर्ता अपने भाई के साथ थाने से बाहर निकला प्रवीण और आकाश ने उन्हें रोक लिया। प्रवीण के तीन अन्य साथी भी वहीं पर थे। सबने मिलकर शिकायतकर्ता से गाड़ी की चाबी छीन ली और जबरन गाड़ी में बैठा लिया।

### होटल के कमरे चेक कराए साइन

दोनों कारोबारी भाइयों को सेक्टर-74 स्थित नार्थ आइ टावर के पास ले जाया गया। शिकायतकर्ता के भाई विजित के मोबाइल से ही टावर के होटल में दो कमरे बुक कराए गए। वहां पर दोनों भाईयों को बंद कर जबरन 4.62 करोड़ के तीन चेक भरवाकर ले लिए गए।
होटल में जाने से पहले सुनसान जगह पर कारोबारी भाइयों के साथ आरोपियों ने गाली गलौज और मारपीट भी की गई। आरोपी और उसके साथियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कारोबारी भाइयों से पांच करोड़ रुपए की फिरौती होटल के अंदर मांगी।

### कोर्ट में जाने के बाद दर्ज हुआ केस

शिकायतकर्ता ने मना किया तो आरोपी बैंक से पैसे निकालकर देने की जिद पर अड़ गए। डरे सहमे कारोबारी ने अपने चचेरे भाई को कॉल कर घर से बैंक का चेक मंगाया। आरोपियों ने जबरन शिकायतकर्ता के चार चेक पर साइन कराकर उस पर चार करोड़ 62 लाख रुपए का अमाउंट डाला। हालांकि रकम नहीं निकल सकी। घटना के बाद से पीड़ित और उनके परिजन डरे हुए हैं। उन्होंने चंगुल से छूटकर पुलिस से शिकायत की। पर कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में उन्होंने कोर्ट में शरण ली।

# नोएडा में 561 लोकेशन 2100 कैमरे लगेंगे

**नोएडा।** सेफ सिटी परियोजना से संबंधित कागजी दस्तावेजों का काम पूरा किया जा चुका है। कंपनियों को आमंत्रित करने के लिए अगल सप्ताह रिक्वेस्ट फार प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया जाएगा। चयनित कंपनी को निर्धारित समय में काम पूरा करना होगा। सेफ सिटी के तहत नोएडा में 2100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। शहर में सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत 561 लोकेशन पर अतिरिक्त 2100 सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। यह कैमरे नाइट विजन व फेस डिटेक्शन कैमरे होंगे, जो इंट्रीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएस टीएमएस) के कैमरों से बिल्कुल अलग होंगे। मानिटरिंग के लिए अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा, लेकिन सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट व उसमें बैठे लोग भी साफ तौर पर कैमरे की नजर से देखा जा सकेगा।
सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने में करीब 212 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह पैसा नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा। एक सप्ताह में आरएफपी प्रक्रिया की जाएगी। चुनी जाने वाली कंपनी का काम सीसीटीवी कैमरों को इंस्टाल करना, आप्टिकल फाइबर लाइन डालना, पोल और उसकी मॉनिटरिंग का प्रशिक्षण देना होगा।

## आज आईडीसी प्राधिकरण की समीक्षा करेंगे

**नोएडा।** दीपावली से पहले नोएडा की परियोजनाओं का लोकार्पण सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। उससे पहले शनिवार को प्राधिकरण के चेयरमैन व औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार प्राधिकरण के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। हालांकि इससे पहले बोर्ड बैठक की अध्यक्षता भी दीपक कुमार ने की थी। बैठक की तैयारियों को लेकर सीईओ लोकेश एम ने प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें सिविल, जन स्वास्थ्य के अलावा कामर्शियल, इंडस्ट्रियल और संस्थागत विभाग भी शामिल रहे। नोएडा में भंगेल एलिवेटेड और नोएडा जंगल ट्रेल का उद्घाटन किया जाना है। इन दोनों परियोजनाओं का काम पूरा हो चुका है। जल्द ही नोएडा वासियों को दोनों योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। ऐसे में चेयरमैन का ये दौरान नोएडा प्राधिकरण और विकास की परियोजनाओं के लिए काफी अहम माना जा रहा है। प्राधिकरण में सुबह 11 बजे बैठक होगी। जिसमें बोर्ड के अलावा प्रस्तावित और चल रही परियोजनाओं, पुर्नवास योजना पर पॉलिसी, वाटर मीटर, गढ्ढा मुक्त अभियान, बिल्डर बायर्स, इंवेस्टर समिट में निवेश और ग्राउंड रिपोर्ट जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसी के परीपेक्ष्य में शुक्रवार को सीईओ ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और दिशा निर्देश दिए।

# नोएडा एडीएम समेत तीन पर रिश्वत का आरोप, केस दर्ज

## 2 लाख की मांगी थी रिश्वत, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम न्यायालय मेरठ का आदेश

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम न्यायालय मेरठ के आदेश पर गौतमबुद्ध नगर के वर्तमान एडीएम न्यायिक, पूर्व एडीएम और पूर्व पेशकार के खिलाफ रिश्वत के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।
एडवोकेट देवराज नागर ने मेरठ की एंटी करप्शन कोर्ट को बताया कि वह दनकौर क्षेत्र के ढाकावाला गांव के रहने वाले हैं। गांव की एक जमीन को लेकर उनका स्नेहलता, सविता देवी और सुरेश देवी से विवाद चल रहा है। विपक्षी द्वारा पूर्व में यह मामला सीओ चकबंदी के यहां दाखिल किया गया था।
इसके बाद यह मामला उपसंचालक अधिकारी चकबंदी के कोर्ट में पहुंचा। तत्कालीन एडीएम/उपसंचालक अधिकारी चकबंदी दिवाकर सिंह की कोर्ट ने देवराज नागर के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद एडीएम ने अपने ही आदेश पर स्टे लगा दिया और देवराज नागर पक्ष पर जुर्माना लगाया।
देवराज नागर ने बताया कि उन्होंने जुर्माना राशि को कलेक्ट्रेट में जमा कर दिया। इसके बाद एडीएम दिवाकर सिंह का ट्रांसफर हो गया और उनके स्थान पर एडीएम भैरपाल सिंह ने चार्ज संभाला।
आरोप है कि एडीएम कोर्ट ने अपने ही आदेश को रीकॉल कर दिया।
इसके बाद देवराज पक्ष को मिलने के लिए बुलाया।
देवराज नागर का आरोप है कि एडीएम ने इस मामले का रेस्टोरेशन खारिज करने के लिए दो लाख रुपए रिश्वत की मांग की। रिश्वत नहीं देने पर केस को मेरिट पर मूल नंबर पर कायम करने के लिए डराया।

### सीएम और चकबंदी आयुक्त से शिकायत

पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने रिश्वत देने से मना कर दिया और अधिकारी की शिकायत मुख्यमंत्री और चकबंदी आयुक्त से की। इसके साथ ही सूरजपुर कोतवाली पुलिस को भी एक लिखित शिकायत दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने मेरठ की एंटी करप्शन कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

# शार्ट न्यूज

## बीसीए छात्र डेढ़ साल से लापता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित गढ़ी आजमपुर गांव से एक बीसीए छात्र लगभग डेढ़ वर्ष से लापता है। छात्र के पिता लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं और उन्होंने हाल ही में फिर से पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। लापता छात्र की पहचान 18 वर्षीय हर्ष उर्फ हनी के रूप में हुई है, जो बीसीए प्रथम वर्ष का छात्र है। वह 24 अप्रैल 2024 को अपने घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। हर्ष के पिता विजय सिंह ने बताया कि बेटे के लापता होने के दो दिन बाद ही उन्होंने दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन आज तक उनके बेटे का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। विजय सिंह ने बताया कि वह अपनी नौकरी और अन्य कामकाज छोड़कर पिछले कई महीनों से खुद ही बेटे की तलाश में भटक रहे हैं। बेटे के न मिलने से पूरा परिवार बेहद परेशान और चिंतित है। शुक्रवार को भी उन्होंने दनकौर कोतवाली पहुंचकर पुलिस से बेटे को जल्द ढूंढने की अपील की। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि लापता छात्र की तलाश जारी है और जल्द ही उसका पता लगा लिया जाएगा।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर किसानों की पंचायत

**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे के पास फलैदा कट पर एक पंचायत का आयोजन किया। इसमें संगठन के सदस्यों और ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप सिंह ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि यमुना एक्सप्रेस-वे पर किसानों के ट्रैक्टरों को शाम 5 बजे से सुबह 6 बजे तक रोका जाता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी होती है। उन्होंने यह भी बताया कि जेवर तक पहुंचने के लिए कोई ऑप्शनल रास्ता बनाए बिना ही फलैदा कट पर टोल प्लाजा बना दिया गया है, जिससे ग्रामीणों से टोल वसूला जा रहा है। सिंह ने बताया कि प्राधिकरण ने धनपुरा गांव को जोड़ने वाला रास्ता बंद कर दिया है। इसके अलावा, मेहंदीपुर और तीरथली जैसे गांवों में सड़कें नहीं हैं और नालियां टूटी पड़ी हैं। ग्रामीण जर्जर हाईटेंशन लाइनों, अनियमित बिजली आपूर्ति और खराब ट्रांसफार्मर जैसी बिजली संबंधी समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। पंचायत की सूचना मिलने पर यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र सिंह और जेवर एसडीएम अभय सिंह अन्य अधिकारियों के साथ किसानों से मिलने पहुंचे। किसानों ने उन्हें अपनी समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

## इंटर कॉलेज में तमंचा लेकर पहुंचा छात्र

**दादरी।** दादरी के इंटर कॉलेज में पढ़ने वाला 11वीं का छात्र बैग में अवैध तमंचा लेकर कक्षा में पहुंच गया। प्रधानाचार्य को पता चला तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र को अवैध तमंचे के साथ हिरासत में ले लिया। दादरी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मिहिर भोज इंटर कॉलेज में कस्बे की रज्जाक कॉलोनी का रहने वाला किशोर 11वीं कक्षा में पढ़ता है। कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मिलाप सिंह ने छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने गुरुवार की दोपहर पुलिस को सूचना दी कि एक छात्र कक्षा में अवैध तमंचा लेकर पहुंच गया है। कक्षा में दूसरे छात्रों ने छात्र के बैग में तमंचा देखकर इसकी सूचना प्रधानाचार्य को दी थी। प्रधानाचार्य की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और छात्र को हिरासत में लेकर कब्जे से तमंचा बरामद किया। पुलिस पूछताछ में छात्र ने बताया कि उसने किसी से दो हजार रुपये में शौक के लिए तमंचा खरीदा था। वह अपने दोस्तों को दिखाने के लिए कॉलेज में तमंचा लेकर पहुंचा था। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस इस बारे में भी पता लग रही है कि तमंचा किससे खरीदा गया था। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## किशोर की मौत के बाद अस्पताल सील

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के प्यावली गांव के अस्पताल में उपचार के दौरान किशोर की मौत के बाद गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया। जांच में पता लगा है कि अस्पताल के पास आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाइसेंस था, लेकिन वहां पर एलोपैथिक से इलाज किया जा रहा था। प्यावली गांव के रहने वाले नरेंद्र कुमार ने स्वास्थ्य विभाग में शिकायत दी थी कि उनका भतीजा रजत भाटी चार अक्टूबर को गांव के ही एक निजी अस्पताल में इलाज कराने गया था। उनका आरोप है कि डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाया। इसके बाद उनके भतीजे की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। चिकित्सा अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक नोडल अधिकारी ने इस मामले की जांच की। स्वास्थ्य टीम ने मौके पर जाकर देखा तो पाया कि अस्पताल के पास केवल आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाइसेंस है, लेकिन वहां एलोपैथिक दवाएं, एक्स-रे मशीन और हड्डी जोड़ने के उपकरण मौजूद थे। अनियमितता पाए जाने पर अस्पताल को सील कर दिया गया है। साथ ही, अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी करके तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रोफेसर को अग्रिम जमानत नहीं मिली

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा ज्योति शर्मा की खुदकुशी के मामले में प्रोफेसर डॉ. अनुराग अवस्थी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। छात्रा के पिता ने यूनिवर्सिटी के पांच प्रोफेसर के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष ने अदालत में बताया कि शारदा यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में 18 जुलाई 2025 को 21 वर्षीय छात्रा ज्योति शर्मा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को छात्रा के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें दो प्रोफेसर का नाम लिखा हुआ था। छात्रा ने दोनों को खुदकुशी के लिए जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद नॉलेज पार्क थाने में छात्रा के पिता रमेश जांगड़ा ने प्रोफेसर शैरी वशिष्ठ, महेंद्र सिंह, डॉ. अनुराग अवस्थी, सुरभि और डीन डॉ. एम. सिद्धार्थ पर छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि छात्रा की मौत के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस को सूचित किए बिना शव को हॉस्टल से हटाकर अस्पताल पहुंचा दिया और सबूतों से छेड़छाड़ की थी। पुलिस ने इस मामले में प्रोफेसर शैरी और महेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# सीएम ने सुनी 200 लोगों की फरियाद

## गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित हुआ जनता दर्शन; सभी को दिया कार्रवाई का भरोसा

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार सुबह लगा सीएम योगी आदित्यनाथ का जनता दरबार। दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे सीएम ने करीब 200 फरियादियों की समस्याएं खुद सुनीं। गोरखपुर ही नहीं, महराजगंज, सिद्धार्थनगर सहित प्रदेश के अन्य जिलों से भी लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे।
सीएम ने एक-एक कर सभी के पास जाकर उनकी बात सुनी और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।जनता दर्शन में जमीन से जुड़े विवाद सबसे अधिक रहे। किसी ने परिवार के भीतर बंटवारे की बात कही, तो किसी ने गलत आदेशों से न्याय न मिलने की शिकायत की। सीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे



मामलों में तत्काल जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### परंपरागत दिनचर्या के साथ शुरू हुआ दिन

सीएम योगी ने शुक्रवार की सुबह गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। ब्रह्मलीन महंत अवेद्य नाथ की समाधि स्थल पर जाकर आशीर्वाद लिया, फिर मंदिर परिसर में भ्रमण करते हुए जनता दर्शन पहुंचे। सुबह से ही लोगों की भीड़ लगने लगी थी। सभी को कुर्सियों पर बैठाया गया था। सीएम ने हर व्यक्ति से उनकी समस्या पूछी, आवेदन लिया और अफसरों को सौंपते हुए कहा, समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

### परिजनों के इलाज की गुहार लेकर पहुंचे कई लोग

सीएम के सामने कई लोग अपने परिजनों की गंभीर बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे।
सीएम ने कहा कि सभी की मदद की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस्टीमेट बनवाकर उन्हें आर्थिक सहायता दिलवाई जाए। सीएम ने महिला फरियादियों के साथ आए बच्चो को चॉकलेट दी और उनका दुलार किया।

# यूपी में कफ सिरप कंपनियों पर सख्ती

**लखनऊ।** प्रदेश भर में औषधि निर्माण शालाओं पर विशेष निगरानी अभियान चलाया गया। इस दौरान 37 कफ सिरप निर्माता कंपनियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कई जगह गड़बड़ियां और अस्वच्छ परिस्थितियां मिलने पर चार निर्माण इकाइयों को नोटिस भेजा गया है। राज्य औषधि विभाग की टीम ने लखनऊ, सहारनपुर, मथुरा और अलीगढ़ में स्थापित औषधि निर्माण शालाओं का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई इकाइयों में औषधियों का उत्पादन अस्वच्छ परिस्थितियों में किया जा रहा था। वहीं, औषधि प्रसाधन अधिनियम 1940 के तहत जरूरी अभिलेख मौके पर उपलब्ध नहीं कराए गए। विभाग ने चारों फर्मों को कारण बताओ नोटिस



जारी किया है। निरीक्षण के दौरान 38 रॉ मैटीरियल और 31 फिनिश्ड गुड्स के नमूने लिए गए हैं। इन सभी नमूनों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला में भेजा गया है। विभाग के अनुसार अब तक पूरे प्रदेश में 595 कफ सिरप के नमूने अस्पतालों, क्लीनिकों, मेडिकल स्टोरों और नर्सिंग होम्स से एकत्र किए जा चुके हैं।

# यातायात नियमों का पालन न करने पर छब्बीस हजार लोगों पर कार्रवाई

**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने विगत 6 माह अप्रैल से सितम्बर तक वाहनों के नियम विरूद्ध संचालन में बिना हेल्मेट वाले वाहनो के चालान की संख्या - 11036 तीन सवारी वाले वाहनो के चालान की संख्या- 4871 बिना सीट बेल्ट वाले वाहनो के चालान की संख्या- 729 वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वाले वाहनो के चालान की संख्या- 356 बिना बीमा के वाहनो के चालान की संख्या - 820 बिना नम्बर प्लेट के वाहनो के चालान की संख्या- 1816 चार पहिया वाहनों पर ब्लैक फिल्म का प्रयोग करने वाले चालान की संख्या-35 ड्रिंक × ड्राइव के तहत चालान की संख्या- 27 खतरनाक ड्राइविंग के तहत चालन की संख्या- 178 अन्य- 374 दंडित किया गया।वाहनों के नियम विरूद्ध संचालन के तहत कुल 26039 चालान से कुल 4 करोड़ 73 लाख 97 हजार 900 रूपये की धनराशि का किया गया शम्मन शुल्क । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु जनपद पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है । इस अभियान के दौरान माह अप्रैल 2025 से माह सितम्बर 2025 तक शहर के प्रमुख चौराहों, विद्यालयों एवं बाजार क्षेत्रों में जनपदीय पुलिस टीमों/यातायात पुलिस, ललितपुर द्वारा नियम विरूद्ध वाहन जैसे बिना हेल्मेट, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने, बिना सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई।

# लखनऊ में एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्र ने जहर खाया

**लखनऊ।** लखनऊ में एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्र ने शुक्रवार को हॉस्टल में जहर खा लिया। उसके पास से एक नोट भी मिला है। जिसमें लिखा है- मेरी मौत का कारण पूरा हॉस्टल स्टाफ और एमिटी फैकल्टी है। चीफ प्रॉक्टर सर प्लीज दोबारा कॉस्ट को और पेरेंट्स को गाली मत देना। घटना के कुछ देर बाद ही साथी छात्र उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए। जहां इमरजेंसी में उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल छात्र की कंडीशन स्टेबल है। छात्र की पहचान BCA फर्स्ट सेमेस्टर के नीलेश पाल के रूप में हुई है। उसके माता-पिता को इन्फॉर्म कर दिया गया है। लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डॉ.भुवन चंद्र तिवारी ने बताया- 5 बजे के करीब एक छात्र को इमरजेंसी में लाया गया है।

# आईजीआरएस : ललितपुर पुलिस को प्रदेश में 23 वां, कानपुर जोन में मिला प्रथम स्थान

▶ प्रदेश में जनपद के 11 थानों को मिला प्रथम स्थान

**ललितपुर ।** माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक के निर्देशन में ऑनलाइन शिकायत पोर्टल, समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली से प्राप्त शिकायतों को उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में *जनपद ललितपुर पुलिस को माह सितम्बर-2025 की रैंकिंग में प्रदेश में 23 वां स्थान व कानपुर जोन, कानपुर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । इसके साथ-साथ ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से



मूल्यांकन में मा0 मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसुनवाई, समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया । जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में थानों की रैंकिंग में जनपद के 11 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस परिणाम के लिए पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर ने आईजीआरएस से जुड़े सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को पूरी लगन, मेहनत व समर्पण से कार्य करने हेतु भूरि-भूरि प्रशंसा की है तथा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा निकट भविष्य में इसी प्रकार पूरी लगन व मेहनत से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।प्रथम रैंक प्राप्त करने वाले थानों का नाम थाना मडावरा थाना बानपुर थाना कोतवाली थाना तालबेहट थाना महरौनी महिला थाना ललितपुर थाना बार थाना पाली थाना सौजना थाना बालाबेहट थाना जाखलौन आईजीआरएस टीम उ. नि. राज किशोर मिश्रा प्रभारी आईजीआरएस सेल ललितपुर मुख्य आरक्षी दीपक कुमार महिला कां. सोनम गोयल कां. गौरव शर्मा. कां. आशीष वर्मा म. का. पल्लवी आईजीआरएस सेल जनपद ललितपुर ।

# एसपी ने पुलिस लाइंस में ली परेड की सलामी

ललितपुर । रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी परेड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया ।एसपी द्वारा इसी दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की ड्रिल एवं शारीरिक अभ्यास का निरीक्षण किया गया । प्रशिक्षण में अनुशासन, सामूहिक तालमेल, आदेशों के पालन एवं उत्साह की सराहना की गई तथा प्रशिक्षण की वर्तमान प्रगति, पाठ्यक्रम



की गुणवत्ता एवं प्रशिक्षकों द्वारा अपनाई जा रही प्रशिक्षण विधियों की समीक्षा की । प्रशिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ।तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं जैसे - शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई । एसपी द्वारा पुलिस लाइन में संचालित आर.टी.सी. के भोजनालय का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा भोजन की गुणवत्ता व साफ-सफाई को परखा गया एवं सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया ।
डायल-112 के PRV वाहनों निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण को दौरान वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई ।पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया ।

# बर्थडे पार्टी में युवक की कार से कुचलकर हत्या

**झांसी।** झांसी में जन्मदिन पार्टी में बुलाई गई बार बालाओं के साथ डांस करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। वहां से भाग रहे कार सवार ने सड़क पर खड़े युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कार में सवार एक अन्य व्यक्ति आशीष कौशिक को चोट लगी है। उसका इलाज चल रहा है।
आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर युवक के परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने भाई की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पूरा मामला सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के पाल कॉलोनी का है। घटना गुरुवार देर रात हुई।
गाड़ी से कुचलकर जिस युवक की मौत हुई, उसका नाम हनी साहू है। उसकी उम्र 29 साल थी। वह सिमरधा बांध के पास पाल कॉलोनी का रहने वाला था।
हनी साहू के बड़े भाई ने बताया- मेरा भाई हनी पठोरिया मोहल्ले में पेटीज की रेहड़ी लगाता था।

## आगरा में पटाखों के अवैध गोदाम पर छापा

**आगरा।** आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र में अवैध रूप से आतिशबाजी का भंडार करने वाले एक पटाखा विक्रेता पर कार्रवाई की गई है। गोदाम में भारी मात्रा में आतिशबाजी व ज्वलनशील सामग्री मिली है। पुलिस ने क्षमता से अधिक मिली आतिशबाजी को सील कर दिया है। वहीं, आतिशबाजी के लिए सात जगह पर 208 दुकानें को लाइसेंस दिया जाएगा। दीपावली के त्योहार को देखते हुए आतिशबाजी के गोदामों की चेकिंग की जा रही है। शुक्रवार को सिकंदरा थाना क्षेत्र में एडीए हाईट के पास आतिशबाजी की दुकान को एसीपी हरीपर्वत अक्षय महाडिक के नेतृत्व में चेक किया गया। एसीपी ने बताया कि लाइसेंसधारक को 1500 किलो आतिशबाजी की अनुमति प्रदान की गई थी। मगर, दुकानदार ने एक दूसरे गोदाम में क्षमता से अधिक भंडार किया था। दूसरे गोदाम में करीबब 2500 किलो की आतिशबाजी मिली। इसके अलावा वहां पर ज्वलनशील पदार्थ और गैस सिलेंडर मिले हैं। गोदाम में कई परिवार भी रह रहे थे। एसीपी ने बताया कि गोदाम में हादसे की आशंका थी। इसके तहत कार्रवाई की गई है। आगे भी दूसरे गोदामों में चेकिंग होती रहेगी। दीवाली पर आतिशबाजी की बिक्री के लिए शहर में 7 स्थानों को चिन्हित किया गया है। इसमें जीआईसी मैदान, सेक्टर 11 व 15 पार्क, बैप्टिस्ट हायर सैकेंड्री स्कूल का मैदान, कंपनी गार्डन का मैदान, शक्ति नगर का मैदान, मेहताब बाग पार्किंग के सामने का मैदान और यमुना किनारा कॉरिडोर पार्क। सबसे ज्याद मेहताब बाग में 80 दुकानों को लाइसेंस दिया जाएगा।

# एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को राहत बचाव कार्य के सम्बन्ध में किया ब्रीफ

## एसडीआरएफ की टीम ने रिक्रूट आरक्षियों को आपदा की स्थिति में राहत, बचाव कार्य को लेकर दिया प्रशिक्षित

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को आपातकालीन स्थितियों , राहत व बचाव कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी देकर ब्रीफ किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी आरक्षियों को आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि आपदा के समय पुलिस बल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में प्रत्येक पुलिस कर्मी को प्रशिक्षित रहना आवश्यक है ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके।



उन्होंने SDRF/NDRF की कार्यप्रणाली, प्राथमिक राहत, बचाव कार्य, भीड़ नियंत्रण, तथा स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं जैसे बाढ़, आगजनी, भूकंप, सड़क दुर्घटना आदि की स्थिति में कार्य करने की विधि समझाई गई। साथ ही उन्होंने आरक्षियों को जनता के प्रति संवेदनशीलता एवं तत्परता बनाए रखने का भी आह्वान किया।

तत्पश्चात राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम द्वारा जनपद ललितपुर में प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों को आपदा प्रबंधन संबंधी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण पुलिस लाइन ललितपुर में आयोजित किया गया, जिसमें एसडीआरएफ टीम द्वारा आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों की तकनीक, प्राथमिक उपचार, बाढ़ एवं भूकंप जैसी परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई के उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान एसडीआरएफ टीम ने रिक्रूट आरक्षियों को उपकरणों के प्रयोग, रेस्क्यू तकनीक, जीवन रक्षक क्रियाओं तथा आपदा के समय जनसहयोग प्राप्त करने के तरीकों की भी विस्तृत जानकारी दी।

# गाजियाबाद में 3.44 लाख किग्रा से ज्यादा पटाखे पकड़े

## एनसीआर में पूरी तरह बैन है, दो गोदाम सील; 14 कमरे और हॉल पूरी तरह से भरे

गाजियाबाद। गाजियाबाद में दीपावली से पहले 42 ट्रक से अधिक अवैध पटाखे पकड़े गए। एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने फोर्स के साथ दो गोदामों में छापा मारा। गोदाम में 14 से अधिक कमरे और हॉल में अवैध पटाखों को स्टॉक किया गया था। कारोबारी समेत 3 लोगों को अरेस्ट करते हुए गोदाम को सील किया गया है। यह पटाखे मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली, हरियाणा में सप्लाई होने थे।
एनसीआर में पटाखों का यह सबसे



बड़ा स्टॉक पकड़ा गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत एनसीआर में पटाखों पर पूरी तरह से रोक है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने बताया कि फायर ऑफिसर, एसडीएम मोदीनगर, एसीपी मोदीनगर देहात क्षेत्र के भोजपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव में गोल्डन ट्रेडिंग एजेंसी पर छापेमारी की। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पटाखों का अनुमानित वजन 3 लाख 44 हजार किग्रा है। जिनकी कीमत करीब 6.15 करोड़ की थोक में और मार्केट में 12 करोड़ तक होनी बताई गई है। दोनों गोदामों को सील कर दिया है। सुरक्षा कारणों के चलते यहां लाइट और एंटी विस्फोटक चीजों की जांच कराई, जिससे कोई अनहोनी न हो सके। इनमें पुलिस ने सौरभ सिंघल निवासी कोतवाली जिला मेरठ, धर्मवीर निवासी जशलोक नगर कॉलोनी हापुड़, अमित निवासी मोदीनगर को अरेस्ट कर लिया है। तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# जालौन में डीएम ने समिति और दुकानों पर मारा छापा

**जालौन।** जालौन में खाद की कमी को लेकर लगातार उड़ाई जा रही अफवाहों के बीच शुक्रवार को जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने जिले की विभिन्न समितियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समितियों और दुकानों में डीएपी खाद की उपलब्धता की व्यापक जांच की। यह निरीक्षण इसलिए किया गया ताकि रबी फसल की बुवाई में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीएम के साथ जिले की तहसीलों में उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी और जिला कृषि अधिकारी ने विभिन्न सहकारी समितियों और निजी दुकानों का निरीक्षण कर स्टॉक, वितरण और मूल्य सूची की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी स्वयं निरीक्षण अभियान में शामिल हुए और उन्होंने कुकरगांव बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड के साथ-साथ जालौन नगर स्थित पंकज ट्रेडर्स , प्रमीणा ट्रेडर्स और प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पर उपलब्ध स्टॉक की जांच की।

# शार्ट न्यूज

## छात्रा से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**चित्रकूट।** चित्रकूट में कक्षा आठ में पढ़ने वाली एक छात्रा को बहला-फुसलाकर मुंबई ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने आरोपी संजय उर्फ चुनकू को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उसे 10,000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि यह घटना 26 फरवरी 2020 को हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी सुबह स्कूल जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान मवई खुर्द गांव निवासी संजय उर्फ चुनकू उसे रास्ते में मिला और बाइक से स्कूल छोड़ने का बहाना किया। बाइक में बैठाने के बाद आरोपी ने छात्रा को बहला-फुसलाकर गांव से बाहर ले जाकर प्रयागराज से ट्रेन के माध्यम से मुंबई ले गया। इसकी सूचना पीड़िता के पिता ने मऊ थाने में दी। पुलिस ने 12 जून 2020 को आरोपी को गिरफ्तार किया और पीड़िता के बयान दर्ज कराए। उसके बयान में पीड़िता ने आरोपी द्वारा किए गए दुराचार की जानकारी दी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी जेल में बंद रहा। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने फैसला सुनाया और आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष कठोर कारावास एवं 10,000 रुपए अर्थदंड की सजा दी।

## गोंडा में बीएसए ऑफिस पहुंची यूपी एसटीएफ

**गोंडा।** यूपी एसटीएफ की अयोध्या यूनिट द्वारा बहुचर्चित अनामिका शुक्ला प्रकरण की पूरी जांच की जा रही है। शुक्रवार देर शाम गोंडा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में यूपी एसटीएफ की अयोध्या यूनिट की टीम वरिष्ठ उपनिरीक्षक सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में पहुंची। टीम ने बीएसए कार्यालय में बीएसए अतुल कुमार तिवारी और एडेड कॉलेज देख रहे पटल लिपिक सुधीर कुमार सिंह से लगभग दो घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ के दौरान यूपी एसटीएफ टीम के कई सवालों का जवाब बीएसए और कार्यालय में तैनात बाबू, अधिकारी और कर्मचारी नहीं दे पाए। पूछताछ के दौरान अनामिका शुक्ला प्रकरण से जुड़े दस्तावेजों की जानकारी भी यूपी एसटीएफ टीम ने ली। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण कागजात बीएसए अतुल कुमार तिवारी और पटल लिपिक सुधीर कुमार सिंह को दिखाए गए और उनकी पुष्टि कार्यालय से करवाई गई। यूपी एसटीएफ की टीम ने प्रकरण से जुड़े अन्य दस्तावेज गोंडा के बीएसए कार्यालय और वित्त एवं लेखा विभाग से भी हासिल किए।

## सहारनपुर में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**सहारनपुर।** सहारनपुर की देवबंद कोर्ट ने एक अभियुक्त को एक महिला की हत्या का दोषी करार दिया है। कोर्ट ने अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 2018 में अभियुक्त ने एक महिला और उसकी बेटी पर तलवार से हमला किया था। जिसमें महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। कोर्ट ने अभियुक्त पर 79 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर दो साल का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे की कोर्ट ने पत्रावली पर आए साक्ष्यों और गवाहों की गवाही के आधार पर ये सजा सुनाई है। एडीजीसी देवी दयाल शर्मा ने बताया कि थाना नानौता क्षेत्र के मोहल्ला छता निवासी सुजात हुसैन ने हत्या का प्रयास और हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर देकर बताया था कि उनकी बेटी इरम उर्फ महविश अपनी माता शगुफ्ता के साथ नानौता के बाजार में 23नवंबर 2018 को खरीदारी करने जा रही थी। तभी वहां उनके मोहल्ले का रहने वाला वजाहत खां एक हाथ में तलवार और एक हाथ में तमंचा लेकर घात लगाए बैठा था।

## गलत इंजेक्शन से 8 साल के बच्चे की मौत

**जौनपुर।** जौनपुर के तेजीबाजार थाना क्षेत्र में गलत इंजेक्शन लगाने से 8 वर्षीय युग यादव की मौत हो गई। घटना गुरुवार ( 9 अक्टूबर ) की है। हैदरपुर गांव निवासी शिवपूजन यादव के बेटे युग को सुबह करीब 8 बजे पेट में तेज दर्द हुआ। पिता उसे डॉक्टर भोला सिंह उर्फ अजय के पास लेकर पहुंचे, जिन्होंने उसे पास के देवी प्रसाद गुप्त के मेडिकल स्टोर पर दवा लेने को कहा। मेडिकल स्टोर संचालक देवी प्रसाद गुप्त ने बच्चे को दवा देने के साथ दो इंजेक्शन भी लगाए। घर लौटने के कुछ ही देर बाद युग की तबीयत अचानक बिगड़ गई ।परिजन उसे जौनपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से वाराणसी रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शाम को गुस्साए परिजन बच्चे का शव लेकर मेडिकल स्टोर पहुंचे और आरोपी संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया ।परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर लाया गया, तो परिजनों ने फिर से विरोध प्रदर्शन किया।

## साइबर ठगों ने दो युवतियों से उड़ाए 1.05 लाख

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में साइबर ठगों ने दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवतियों को निशाना बनाया। पहली घटना छपार थाना क्षेत्र की है, जहां बसेड़ा गांव निवासी रूबल कुमारी की बहन रविता कुमारी के खाते से 50,600 निकाल लिए गए। रूबल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविता ने 19 अप्रैल को भोपा क्षेत्र के विनीत कुमार के जनसेवा केंद्र से 5 हजार रुपए निकाले थे। इसके बाद 29 अप्रैल से 5 अगस्त के बीच खाते से आठ बार ट्रांजैक्शन कर ठगों ने 50,600 उड़ा लिए ।छपार थाना प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि युवती की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है। दूसरी घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला प्रेमपुरी की है। यहां सुधीर कुमार गर्ग की बेटी अवंति गर्ग के मोबाइल पर 8 अक्टूबर को एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को अवंति के पिता का दोस्त बताया और कहा कि वह उसके खाते में 20,000 भेजना चाहता है ।अवंति ने यह सोचकर कि कॉल किसी ऑफिस सहयोगी का है, अपनी बैंक जानकारी व्हाट्सएप पर साझा कर दी। थोड़ी देर बाद उसके फोन पर दो ट्रांजैक्शन के संदेश आए और 55,000 की रकम तीन बार में खाते से गायब हो गई।

## यमुना में मछली पकड़ते समय किशोर डूबा

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में यमुना नदी में मछली पकड़ने के दौरान शुक्रवार को एक 17 वर्षीय किशोर की डूबकर मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब किशोर अपने दोस्तों के साथ नदी किनारे मछली पकड़ रहा था। पुलिस और पीएसी के गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। थाना टूंडला क्षेत्र के गांव मेहरी निवासी श्रीकांत अपने साथी राजकुमार, शिवम और अजीत के साथ थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव नगला नंदा के पास यमुना नदी में मछली पकड़ने गया था। मछली पकड़ते समय श्रीकांत अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा ।दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद वे भागकर गांव पहुंचे और लोगों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही सीओ अंबरीश कुमार और थानाध्यक्ष पारुल मिश्रा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोज अभियान शुरू किया गया। देर शाम तक श्रीकांत का कोई सुराग नहीं मिल सका। घटनास्थल पर परिजन और ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी रही।

## पॉलीथीन इस्तेमाल करने पर 33 हजार का जुर्माना

**लखनऊ।** लखनऊ में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर नगर निगम ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। इस दौरान 33,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है नगर निगम की टीम ने सेक्टर-एल, आशियाना स्थित सेंट मैरी स्कूल के पीछे आकाश दीप गुप्ता को प्रतिबंधित पॉलीथिन का बिक्री करते हुए पकड़ा। नियमों के उल्लंघन पर उनपर 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। हिंद नगर वार्ड में भी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक की टीम ने निरीक्षण किया। यहां गंदगी फैलाने के मामले में 3,500 का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर यह जुर्माना लगाया गया है। इससे कुल 33,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि शहर में स्वच्छता व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को सशक्त रूप से लागू किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी राष्ट्रपति के सियासी दल में शामिल महिला से हुआ अमेरिकी राजनयिक को प्रेम, ट्रंप प्रशासन ने छीनी नौकरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका से एक बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। मामला कुछ इस प्रकार से है कि अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने एक अमेरिकी राजनयिक को केवल इस वजह से नौकरी से निकाल दिया गया क्योंकि उसने एक चीनी महिला से प्रेम संबंध की बात छुपाई थी। बताया जा रहा है कि उस महिला के सीधे संबंध चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी से हैं। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राजनयिक को इस कारण से निकाला गया है। बता दें कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में एक नियम लागू किया था, जिसके तहत चीन में तैनात किसी भी अमेरिकी सरकारी कर्मचारी, उनके परिवार या सुरक्षा क्लियरेंस वाले कॉन्ट्रैक्टर्स को किसी भी चीनी नागरिक से प्रेम या यौन संबंध बनाने पर रोक लगा दी गई थी। मामले में विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि राजनयिक को इसलिए निकाला गया क्योंकि उसने चीनी महिला से अपने रिश्ते को छिपाया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस मामले की समीक्षा की और फिर इस मामले में कार्रवाई की गई है। पिगॉट ने आगे कहा कि विदेश मंत्री रुबियो के नेतृत्व में हम राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने वाले किसी भी कर्मचारी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएंगे। हालांकि राजनयिक का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन वह और उसकी गर्लफ्रेंड एक गुप्त रूप से बनाए गए वीडियो में नजर आए थे जिसे मशहूर रूढ़िवादी पत्रकार जेम्स ओ 'कीफ ने ऑनलाइन पोस्ट किया था।

### रेबेका ग्रिनस्पैन संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए नामित

**सैन होज़े, एजेंसी।** कोस्टा रिका ने अपने लंबे समय से सक्रिय कूटनीतिज्ञ और पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पैन को संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने के लिए उम्मीदवार के रूप में नामांकित किया है। ग्रिनस्पैन वर्तमान में जेनेवा स्थित यूएन ट्रेड एंड डेवलपमेंट के महासचिव हैं और उन्हें यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान अनाज को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने के संयुक्त राष्ट्र प्रयास में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। कोस्टा रिका के राष्ट्रपति रॉड्रिगो चावेस ने वीडियो संदेश में कहा कि ग्रिनस्पैन का अनुभव और विकास, अंतरराष्ट्रीय सहयोग तथा क्षेत्रीय नेतृत्व में योगदान बहुपक्षवाद को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उनका नामांकन आने वाले हफ्तों में संयुक्त राष्ट्र में औपचारिक रूप से दर्ज किया जाएगा।

### कांगो में इबोला के नए मामले नहीं मिले : डब्ल्यूएचओ

**किंशासा, एजेंसी।** दक्षिणी कांगो में फैले इबोला वायरस पर अब नियंत्रण के संकेत दिखाई दे रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि 1 अक्तूबर के बाद से कोई नया मामला सामने नहीं आया है। डब्ल्यूएचओके अनुसार, 5 अक्तूबर तक पिछले 10 दिनों में संक्रमण के कोई नए मामले दर्ज नहीं हुए, जिससे संकेत मिलता है कि प्रभावित इलाकों में संक्रमण की श्रृंखला अब टूट रही है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, अब तक कुल 64 मामले (53 की पुष्टि और 11 संदिग्ध) दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 43 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य एजेंसी ने बताया कि बेहतर लॉजिस्टिक्स, हेलिकॉप्टर से मेडिकल सप्लाई, ग्राउंड डिलीवरी और तीन स्वास्थ्य केंद्रों के डी-कंटेमिनेशन जैसी कार्रवाइयों से संक्रमण पर काबू पाया जा सका है। हालांकि डब्ल्यूएचओ ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है क्योंकि लगभग 2,000 संपर्कों पर नजर रखी जा रही है और एक भी छूटा हुआ मामला संक्रमण को फिर से फैला सकता है।

### ह्यूस्टन में दो जगहों पर गोलीबारी, चार की मौत

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के ह्यूस्टन में बुधवार को हुई दो अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें हमलावर भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच से पता चलता है कि दोनों घटनाएं आपस में जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि पहली वारदात दोपहर लगभग 1 बजे शुगर लैंड उपनगर में हुई, जहां एक व्यक्ति ने अपनी कार से दूसरी गाड़ी पर गोली चलाई। घायल चालक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह रोड रेज (सड़क विवाद) का मामला था या नहीं। करीब आधे घंटे बाद ह्यूस्टन शहर के एक मैकेनिक वर्कशॉप में दूसरी गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस अधिकारी लेरी क्रॉसन के अनुसार, हमलावर ने एक मैकेनिक और एक गवाह को गोली मारी। गवाह उस समय घटना का वीडियो बना रहा था। जांच में दोनों घटनाओं में शामिल वाहन और हमलावर के विवरण समान थे। कुछ समय बाद पुलिस ने हमलावर को उसकी गाड़ी में मृत पाया।

# ट्रंप की कोशिशों को लग सकता है झटका, नोबेल मिलने के आसार कम; खुद को भी नहीं है भरोसा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नोबेल पुरस्कार जीतने की कोशिश में जुटे हुए हैं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि इस साल ट्रंप की इच्छा पूरे होने के आसार कम हैं। खुद ट्रंप भी कह रहे हैं कि नोबेल कमेटी उनके बजाए किसी और को पुरस्कार देने की वजह खोज लेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति दावा कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान समेत 7 युद्ध रुकवाए हैं। एएफपी से बातचीत में स्वीडन के प्रोफेसर पीटर वालेनस्टीन ने कहा, नहीं, ट्रंप इस साल नहीं जीतेंगे। उन्होंने कहा, लेकिन शायद अगले साल? तब तक गाजा संकट समेत उनकी कई पहलों पर स्थिति साफ हो चुकी होगी।



**कौन जीत सकता है पुरस्कार :** खबर है कि इस साल 338 लोग और संगठन नॉमिनेशन प्रक्रिया में हैं, लेकिन यह सूची गुप्त रखी जाती है। नॉमिनेट करने वालों में सांसद, सरकारी अधिकारी, पूर्व विजेता और कमेटी के सदस्य शामिल होते हैं। साल 2024 में यह पुरस्कार जापान के एटम बम पीड़ितों से जुड़े निहोन हिदान्यको को मिला था। साफ नहीं है कि 2025 की रेस में कौन-कौन है। माना जा रहा है कि सुडान के इमरजेंसी रिस्पॉन्स रूम, रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी की विधवा यूलिया नवलनाया और चुनावी गतिविधियों पर नजर रखने वाले ऑफिस फॉर डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूशन्स एंड ह्यूमन राइट्स का नाम दौड़ में शामिल हो सकता है। इनके अलावा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, यूएनआरडब्ल्यूए के नाम पर मुहर लग सकती है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि इस बार नोबेल कमेटी अपने चुनाव से सभी को चौंका सकती है। भारतीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजकर 30 मिनट पर पुरस्कार की घोषणा की जा सकती है।

**तो इस बार कौन हो सकता है विजेता :** जब ये बात लगभग-लगभग तय मानी जा रही है कि ट्रंप को इस बार नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलने जा रहा है। तो ये सवाल भी लगातार सामने आ रहा है कि अगर ट्रंप नहीं तो कौन? ध्यान रहे कि नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को दोपहर 2-30 बजे (भारतीय समयानुसार) ओस्लो में की जाएगी। ऐसे में इस पुरस्कार के लिए इस बार 338 व्यक्ति और संस्थाओं को नामांकित किया गया है। हालांकि, नामों की आधिकारिक सूची 50 वर्षों तक गोपनीय रखी जाती है। 2024 में यह पुरस्कार जापान के निहोन हिदानक्यो को मिला था, जो परमाणु हमलों के जीवित बचे लोगों का संगठन है। दूसरी ओर इस बार विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार विजेता के नाम का चयन थोड़ा मुश्किल भी हो सकता है। कारण है कि इस साल की स्थिति बेहद गंभीर है, क्योंकि दुनिया भर में संघर्ष चरम पर हैं। इस्राइल और ईरान की सीधी भिड़ंत, गाजा में संघर्ष, भारत-पाकिस्तान के बीच ड्रोन और मिसाइल हमले, थाईलैंड-कंबोडिया सीमा विवाद जैसी घटनाओं ने माहौल तनावपूर्ण बना दिया है। 2024 में रिकॉर्ड संख्या में राज्य-स्तरीय युद्ध भी हुए थे, जैसा कि स्वीडन की उप्साला यूनिवर्सिटी के डेटा से पता चलता है।

**इस साल 338 नामांकनों में कौन हैं प्रमुख दावेदार :** 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए कई प्रभावशाली नाम चर्चा में हैं। सूडान की इमरजेंसी रिस्पॉन्स रूम्स, जो युद्ध प्रभावित इलाकों में लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं, एक मजबूत दावेदार मानी जा रही है। वहीं रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की विधवा यूलिया नवलनाया भी इस सूची में शामिल हैं, जो अपने पति की विरासत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर आगे बढ़ा रही हैं। इसके अलावा, ऑफिस फॉर डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूशंस एंड ह्यूमन राइट्स , जो चुनाव निगरानी और लोकतंत्र की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, भी एक प्रमुख उम्मीदवार है। संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं भी हो सकती हैं पुरस्कार की हकदार वहां कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि नोबेल समिति इस बार वैश्विक व्यवस्था के समर्थन में कोई संदेश देना चाहेगी, खासकर उन नेताओं के खिलाफ जो इसे चुनौती दे रहे हैं, जैसे डोनाल्ड ट्रंप। ऐसे में संभावित विजेताओं की सूची में यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, यूएनएचसीआर (शरणार्थी मामलों की एजेंसी), यूएनआरडब्ल्यूए (फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी) का भी नाम शामिल है।

हालांकि ठीक इसके इतर कुछ का मानना है कि वैश्विक न्याय या प्रेस स्वतंत्रता को लेकर काम करने वाली संस्थाओं को भी इस बार सम्मान मिल सकता है, जिसमें इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट, इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस, कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स और रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स का नाम शामिल है।

## अंतरिम सरकार और सहयोगियों के बीच सियासी खींचतान; एनसीपी ने सलाहकार की निष्ठा पर खड़े किये सवाल

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की मुहम्मद युनुस-नेतृत्व वाली अस्थायी सरकार और उसके प्रमुख सहयोगी, छात्र-नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के बीच सियासी खींचतान बढ़ती जा रही है। एनसीपी ने आरोप लगाया कि सरकार के सलाहकार बदलती राजनीतिक परिस्थितियों के बीच सुरक्षित निकास की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मामलों की सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा मैं किसी भी तरह का निकास नहीं ढूंढ रही। मैं अपना शेष जीवन बांग्लादेश में बिताऊंगी। उन्होंने एनसीपी नेताओं से स्पष्ट जवाब की मांग की कि उन्होंने ऐसा आरोप क्यों लगाया। एनसीपी ने ही हसीना को सत्ता से हटाया था एनसीपी ने फरवरी में युनुस के आशीर्वाद से राजनीतिक रूप में अपनी पहचान बनाई। यह पार्टी छात्रों के विरोध आंदोलन म्रष्ठ की एक बड़ी शाखा है, जिसने पिछले साल की 'जुलाई क्रांति' में हिंसक सड़कों पर प्रदर्शन किया और 5 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार को सत्ता से हटाया। सुरक्षित निकास पर हंगामा बढ़ा युनुस ने अस्थायी सरकार में छात्रों के तीन प्रतिनिधियों को सलाहकार परिषद में शामिल किया। हालांकि, बाद में युनुस ने एनसीपी का नेतृत्व संभालने के लिए इस्तीफा दे



दिया, जबकि दो अन्य सदस्य सलाहकार बने रहे। एनसीपी के अनुसार, कई सलाहकार राजनीतिक दलों के साथ बातचीत कर अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। एनसीपी के समन्वयक सरजिस आलम ने कहा कुछ सलाहकार अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए सोच रहे हैं। सुरक्षित निकास का विकल्प केवल मृत्यु में है।

लोग उनका पीछा करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री और अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी इस बीच, बांग्लादेश की विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और 29 अन्य के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। हालांकि, अस्थायी सरकार ने कहा कि वह सभी राजनीतिक दलों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखती है और एनसीपी नेताओं के आरोपों की व्याख्या उनकी जिम्मेदारी है। बांग्लादेश में आगामी फरवरी में राष्ट्रीय चुनावों से पहले यह सियासी उठापटक देश में राजनीतिक अस्थिरता और तनाव की नई लकीर खींच रही है।

## बेबी पाउडर से मौत, जॉनसन एंड जॉनसन को देना होगा 8,500 करोड़ का मुआवजा

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** अमेरिका में लॉस एंजिलिस की अदालत ने जॉनसन एंड जॉनसन को मेसोथेलियोमा कैंसर से मरने वाली एक महिला के परिवार को 8,500 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया है। अदालत ने कंपनी को महिला की मौत के लिए उत्तरदायी ठहराते हुए यह जुर्माना लगाया। परिजनों ने दावा किया था कि महिला ने जिंदगी भर कंपनी के बेबी पाउडर इस्तेमाल किया। इसके चलते उन्हें कैंसर हुआ। जूरी ने फैसले में माना, जॉनसन एंड जॉनसन ही महिला मे मूर को हुए कैंसर के लिए जिम्मेदार है। यह एस्बेस्टस से जुड़ा है। जूरी ने मुआवजे के रूप में करीब 140 करोड़ रुपये और सजा के तौर पर 8,360 करोड़ रुपये परिवार को देने का आदेश दिया। मूर का 2021 में 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। परिवार का आरोप था, कंपनी ने पाउडर में कैंसर के जोखिमों को स्पष्ट न कर धोखा दिया। परिवार की वकील जेसिका डीन ने कहा, हमें अदालत में पक्ष साबित करने में पांच साल लगे। मूर ने इस बेबी पाउडर के साथ शावर-टू-शॉवर का पाउडर भी करीब 80 साल तक उपयोग किया था। कंपनी ने 2012 में शावर-टू-शॉवर को वैलेंट फार्मा को 15 करोड़ डॉलर में बेच दिया था। जॉनसन एंड जॉनसन के वैश्विक कानूनी मामले संभालने वाले एरिक हास ने कहा कि हम इस गंभीर फैसले के खिलाफ तुरंत अपील करेंगे। यह फैसला ज्यादातर बेबी पाउडर मामलों से बिल्कुल विरोधाभासी है, जिनमें कंपनी ने जीत हासिल की है।

**कंपनी पर हजारों मुकदमे 3 अरब डॉलर किए खर्च :** कंपनी ने बेबी पाउडर में मौजूद एस्बेस्टस से मुकदमों से निपटने में 3 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए हैं। फिर भी कंपनी पर 70,000 से ज्यादा ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें आरोप है कि इसके कारण मेसोथेलियोमा व डिम्बग्रंथि के कैंसर हुए हैं।कंपनी ने इस पाउडर को 2023 में दुनियाभर के बाजारों से वापस ले लिया था। उसने इनसे निपटने के लिए दिवालियापन अदालतों का दरवाजा खटखटाया है, लेकिन उसकी कोशिश तीन बार असफल हो गई है।

## ड्रग माफियाओं पर बेरोकटोक कार्रवाई करते रहेंगे ट्रंप! राष्ट्रपति की शक्तियों पर निगरानी का प्रस्ताव खारिज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट में बुधवार को एक बड़ा राजनीतिक टकराव देखने को मिला। रिपब्लिकन सांसदों ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य शक्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए लाया गया था। यह प्रस्ताव ट्रंप को मादक पदार्थों के कार्टेल पर आगे की सैन्य कार्रवाई से पहले कांग्रेस से अनुमति लेने के लिए बाध्य करता। इस प्रस्ताव के पक्ष में 48 और विरोध में 51 वोट पड़े। वोटिंग में ज्यादातर रिपब्लिकन सांसदों ने विरोध किया। सिर्फ दो रिपब्लिकन ने समर्थन किया जबकि एक डेमोक्रेटिक सांसद ने विरोध में वोट डाला।

**ट्रंप की युद्ध अधिकार की घोषणा :** ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में कैरिबियाई क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले जहाजों को निशाना बनाकर सैन्य हमले किए। व्हाइट हाउस का कहना है कि चार जहाज नष्ट किए गए, 21 लोगों की मौत हुई और अमेरिका में पहुंचने वाली बड़ी मात्रा में ड्रग्स को रोका गया। प्रशासन का दावा है कि ड्रग तस्कर सशस्त्र दुश्मन हैं और उन पर युद्ध की तरह कार्रवाई की जा सकती है। लेकिन इस पर कांग्रेस में असहमति गहराती जा रही है।

क्या है वॉर पावर्स रिजॉल्यूशन? वॉर पावर्स रिजॉल्यूशन ऑफ 1973, एक ऐतिहासिक कानून है, जो वियतनाम युद्ध के बाद बनाया गया था। इसका उद्देश्य राष्ट्रपति को बिना कांग्रेस की अनुमति के युद्ध शुरू करने से रोकना है। इस कानून के तहत राष्ट्रपति को किसी भी सैन्य अभियान के लिए कांग्रेस से स्पष्ट मंजूरी लेनी होती है।

**विपक्ष का तर्क- कांग्रेस की शक्ति छीनी जा रही है :** डेमोक्रेटिक सांसदों ने कहा कि ट्रंप बिना कांग्रेस की अनुमति के सैन्य हमले नहीं कर सकते। उनके अनुसार यह अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों का उल्लंघन है। टिम केन और एडम शिफ ने इस प्रस्ताव को पेश किया था। उन्होंने कहा कि इस वोटिंग ने भले ही कानून पास न कराया हो, लेकिन यह एक मजबूत राजनीतिक संदेश गया है कि हर कोई राष्ट्रपति की असीमित शक्ति से सहमत नहीं। रैंड पॉल, जो रिपब्लिकन पार्टी से हैं लेकिन लंबे समय से युद्ध अधिकारों पर कांग्रेस की भूमिका को मजबूत करने के पक्षधर हैं, उन्होंने भी प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस को कार्यपालिका को जज, ज्यूरी और जल्लाद बनने की इजाजत नहीं देनी चाहिए। रिपब्लिकन का रुख- देश की सुरक्षा पहले दूसरी ओर, रिपब्लिकन नेताओं ने डेमोक्रेट्स पर आरोप लगाया कि वे राजनीतिक खेल खेल रहे हैं। जिम रिस्क, जो सीनेट फॉरेन रिलेशंस कमेटी के प्रमुख हैं, ने कहा कि ड्रग्स अमेरिकी नागरिकों को मारने का हथियार बन चुके हैं। उन्होंने कहा, जो जहाज नष्ट किए गए, उनमें जो जहरीला माल था वो अब समुद्र की गहराइयों में है। मार्को रूबियो ने रिपब्लिकन सीनेटरों को समझाने के लिए लंच मीटिंग में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि कई कार्टेल अब कैरेबियाई देशों के बड़े हिस्सों पर कब्जा कर चुके हैं और वे सरकारों की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ये संगठन अमेरिकी सड़कों पर हिंसा और अपराध फैला रहे हैं। राष्ट्रपति का कर्तव्य है कि वह देश की रक्षा करे। सीनेट सशस्त्र सेवा समिति को पिछले हफ्ते ट्रंप प्रशासन ने एक गोपनीय ब्रीफिंग दी थी।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए कई रक्षा समझौते, राजनाथ सिंह और रिचर्ड मार्ल्स रहे मौजूद

**कैनबरा, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस की उपस्थिति में प्रमुख रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए है। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे के तहत बीते दिन सिडनी पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया और भारत की रक्षा साझेदारी लगातार हो रही मजबूत इस समझौते के बाद ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ऑस्ट्रेलिया और भारत की रक्षा साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है - जो विश्वास, साझा हितों और शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित है। ऑस्ट्रेलिया-भारत रक्षा मंत्रियों की पहली वार्ता के लिए भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा पर उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। समझौते पर ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री का बयान वहीं इस समझौते के बाद ऑस्ट्रेलियाई उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने कहा, मुझे लगता है कि आज का दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम जो गहरा विश्वास और रणनीतिक तालमेल देख रहे हैं, वह अब दोनों रक्षा बलों के बीच कहीं अधिक गहन परिचालन स्तर की सहभागिता में व्यक्त हो रहा है। हमारे परिचालन कमांडों के बीच स्टाफ वार्ता के संदर्भ में हमने जो समझौता किया है, वह अत्यंत महत्वपूर्ण है... हम इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं। कैनबरा में रक्षा और रणनीतिक सहयोग पर मंथन इसके अहम रक्षा समझौते के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने कार्यक्रमों के तहत ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा पहुंचे, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना है। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के सहायक रक्षा मंत्री पीटर खलील और संयुक्त अभियान प्रमुख वाइस एडमिरल जस्टिन जोन्स ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री से मिले राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा स्थित संसद भवन में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स से मुलाकात की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स तथा दोनों पक्षों के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के साथ कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में बैठक की। बाद में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज भी बैठक में शामिल हुए। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री से राजनाथ सिंह की मुलाकात वहीं कैनबरा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात और उनके साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी की है। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई युद्ध स्मारक का भी दौरा किया।

## गाजा में इस्राइली ठिकानों पर आतंकी हमला नाकाम, आईडीएफ की जवाबी कार्रवाई में कई दहशतगर्द ढेर



**गाजा, एजेंसी।** गाजा में आतंकवादियों ने बुधवार को इस्राइल डिफेंस फोर्स की सुरक्षा पोस्ट्स पर हमला करने का प्रयास किया। आईडीएफ ने कहा कि उन्होंने कई आतंकवादियों को समाप्त कर दिया और इस घटना में आईडीएफ के किसी भी सैनिक को कोई चोट नहीं आई। आईडीएफ ने अपने एक्स अकाउंट पर बताया कि गाजा शहर क्षेत्र में कई आतंकवादियों ने आईडीएफ पोस्ट पर हमला करने का प्रयास किया। आईडीएफ सैनिकों ने वायुसेना के सहयोग से कई आतंकवादियों को समाप्त कर दिया। अतिरिक्त आतंकवादियों की खोज जारी है। इस घटना में आईडीएफ सैनिक सुरक्षित हैं। इस सप्ताहांत हो सकती है ट्रंप की मध्य पूर्व यात्रा इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे इस सप्ताहांत मध्य पूर्व जा सकते हैं। उनका यह संभावित दौरा गाजा में बंदी-बदल समझौते और संघर्षविराम वार्ता के बीच हो सकता है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा शांति समझौता बहुत नजदीक है और मैं शनिवार को वहां जा सकता हूं। हमारी टीम बहुत अच्छी तरह से वार्ता कर रही है। ट्रंप ने कहा मध्य पूर्व के लिए शांति एक सुंदर विचार है और हम आशा करते हैं कि यह साकार होगा। हमारी टीम और विपक्ष की टीम दोनों ही उत्कृष्ट हैं। मुझे लगता है कि यह जल्द ही होगा। इस्राइल के विदेश मंत्री ने की बैठक की आलोचना इस्राइल के विदेश मंत्री गिडियन सार ने शुक्रवार को पेरिस में होने वाली बैठक की कड़ी आलोचना की, जिसमें यूरोपीय, अरब और अन्य राजदूत गाजा के युद्धोपरांत संक्रमण और स्थायी संघर्षविराम के प्रयासों पर चर्चा करेंगे। सार ने इस पहल को अनावश्यक और हानिकारक बताया और कहा कि यह शार्म एल-शेख में चल रही वार्ता के संवेदनशील समय में इस्राइल की पीठ पीछे तैयार की गई। सार ने एक्स पर लिखा कि हम इसे राष्ट्रपति माक्रों का एक और प्रयास मानते हैं, जो अपने घरेलू मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस्राइल का उपयोग कर रहे हैं। इस घटना के बाद गाजा में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और दोनों पक्षों द्वारा कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद इलाके में संघर्ष की आशंका बनी हुई है।

## हमास-इजराइल शांति समझौते के पहले चरण पर सहमत

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** गाजा में दो साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए इजराइल और हमास ने अमेरिका की मध्यस्थता वाले शांति समझौते (पीस डील) के पहले चरण पर सहमति जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, जल्द ही सभी बंधकों को रिहा किया जाएगा और इजराइल अपनी सेना को एक तय लाइन तक वापस बुलाएगा। यह मजबूत और स्थायी शांति की दिशा में पहला कदम है। फॉक्स न्यूज से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा पहले चरण के तहत गाजा में इजराइल के बंधक बनाए गए लोगों को सोमवार तक रिहा किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि वे सभी सोमवार को वापस आ जाएंगे। वहीं, इस हफ्ते के आखिर तक ट्रम्प मिस्र जा सकते हैं। समझौते के 72 घंटे के अंदर बंधकों की रिहाई होगी यह समझौता मिस्र में 8 अक्टूबर को हुई इनडायरेक्ट बातचीत के बाद हुआ है। समझौते में गाजा से इजराइली सेना की वापसी और कैदियों की अदला-बदली शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, समझौते के लागू होने के 72 घंटे के भीतर लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले सभी जीवित इजराइली बंधकों को रिहा किया जाएगा। इजराइल सरकार के प्रवक्ता ने रॉयटर्स को बताया कि इजराइल को उम्मीद है कि बंधकों की रिहाई जल्द शुरू होगी। बंधकों की रिहाई में मृत लोगों के शव भी शामिल हैं। कतरी मध्यस्थों ने भी समझौते की पुष्टि की है। हालांकि, इसके आगे की जानकारी बाद में घोषित करने की बात कही। कैदियों की रिहाई के बदले इजराइल गाजा से अपनी सेना पीछे हटाएगा। हमास ने ट्रम्प और गारंटर देशों से अपील की है कि वे इजराइल से समझौते का पूरी तरह पालन करवाएं। इसपर ट्रम्प ने कहा कि सभी पक्षों के साथ एक जैसा व्यवहार



किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रम्प ने कतर, मिस्र और तुर्किये को मध्यस्थता के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, यह अरब, इजराइल, अमेरिका और आसपास के सभी देशों के लिए एक महान दिन है। ट्रम्प ने 5 अक्टूबर को इजराइल की वापसी को दिखाते हुए एक मैप भी शेयर किया था। इसने उन्होंने पीली लाइन के जरिए बताया की इजराइली सेना पहले चरण में वहां तक पीछे हटेगी। बता दें कि इस संघर्षविराम के पहले चरण के तहत, हमास सात अक्तूबर 2023 के हमले के बाद बंदी बनाए गए 48 इस्राइली नागरिकों को रिहा करेगा। हालांकि, इनमें से केवल लगभग 20 लोगों के जीवित होने की उम्मीद है। इसके बदले में इस्राइल सैकड़ों फलस्तीनियों को रिहा करेगा, जिनमें महिलाएं, बच्चे और आजीवन कारावास की सजा पाए हुए कैदी शामिल होंगे। पहले के समझौतों के आधार पर, एक इस्राइली बंधक के बदले कम से कम 100 फिलिस्तीनी रिहा किए जाएंगे। इतना ही नहां समझौते के तहत जब तक दोनों पक्ष पूर्ण संघर्षविराम की शर्तों को नहीं मान लेते, तब तक सभी सैन्य गतिविधियां, जैसे हवाई और तोपों से गोलाबारी रोक दी जाएंगी और सेना अपनी जगह स्थिर रहेगी। व्हाइट हाउस के अनुसार, जब सभी बंधकों को रिहा कर दिया जाएगा, तब इस्राइल 250 आजीवन कारावास पाए हुए फलस्तीनी कैदियों और हमास हमले के बाद हिरासत में लिए गए 1,700 गाजावासियों को छोड़ेगा। इसके अलावा प्रत्येक मृत इस्राइली बंधक के शव के बदले इस्राइल 15 मृत गाजावासियों के शव लौटाएगा। ट्रंप की योजना के तहत, समझौते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने के 72 घंटे के भीतर सभी बंधक, चाहे जीवित हों या मृत रिहा कर दिए जाएंगे। कतर के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि इस पहले चरण में गाजा में राहत सामग्री और जरूरी सहायता भी पहुंचाई जाएगी, जहां अब भुखमरी जैसे हालात हैं। वहीं इस संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसे ऐतिहासित बताया। उन्होंने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि यह अरब, मुस्लिम देश, इस्राइल, आसपास के सभी देशों और अमेरिका के लिए महान दिन है। हम कतर, मिस्र और तुर्की के मध्यस्थों का धन्यवाद करते हैं। गौरतलब है कि गाजा में संघर्ष की शुरुआत दो साल पहले सात अक्तूबर 2023 को हमास का इस्राइल पर हमला करने के साथ हुई थी।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शनिवार 11 अक्टूबर 2025
Www.vishalindia.in

# दूसरा टेस्ट : यशस्वी के शतक से भारत ने बनाये दो विकेट पर 318 रन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल के शानदार शतक से भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 318 रन बना लिए थे। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय यशस्वी नाबाद 173 व कप्तान शुभमन गिल 20 रनों पर खेल रहे थे। आउट होने वाले बल्लेबाज साई सुदर्शन 87 और केएल राहुल 38 रन रहे। सुदर्शन केवल 13 रनों से अपना शतक पूरा नहीं कर पाये। वह 165 गेंद पर 87 रन बनाकर आउट हुए। आज सुबह भारतीय कप्तान शुभमन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जो सही साबित हुआ। मैच में भारतीय बल्लेबाज छाये रहे। यशस्वी ने इस मैच में अपने करियर का सातवों शतक लगा दिया और अब वह दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे हैं। अब देखना हो कि वह दूसरे दिन दोहरा शतक लगा पाते हैं या नहीं। राहुल के आउट होने के बाद सुदर्शन के साथ मिलकर यशस्वी ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। सुदर्शन ने भी अच्छी बल्लेबाजी की पर वह जोमेल वारिकन की गेंद पर आउट हो गये। वारिकन ने ही इससे पहले राहुल को भी अपना शिकार बनाया था। सुदर्शन के आउट होने के बाद शुभमन और यशस्वी ने भारतीय टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। मेहमान टीम की ओर से जायडन सील्स ने भी अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उन्हें कोई विकेट हासिल नहीं हुआ। शुरुआती घंटे में अच्छी गेंदबाज़ी करने के साथ ही वेस्टइंडीज़ ने अंतिम सत्र में भी आक्रामक गेंदबाजी कर विकेट लेने का प्रयास किया पर सफल नहीं हुई। आज युशस्वी और सुदर्शन के बीच दूसरे विकेट के लिए 193 रन की अच्छी साझेदारी निभाई। यशस्वी ने सातवां शतक लगाने के साथ ही अपने 3000 रन भी पूरे किये।


## यशस्वी ने सातवां शतक लगाने के साथ ही बनाये कई रिकार्ड, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 3000 रन पूरे किये

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने शुक्रवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाकर एक साथ कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। इस मैच में यशस्वी ने अपने टेस्ट करियर का सातवां शतक लगाया। इसी के साथ ही वह एलेस्टेयर कुक और जावेद मियांदाद जैसे खिलाड़ियों के 24 साल से कम उम्र में सात शतक लगाने वाले चार खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गये। यशस्वी ने 145 गेंदों में 16 चौके लगाते हुए अपना शतक बनाया। जायसवाल ने ये सातवां टेस्ट शतक 24 साल से कम उम्र में बनया है और ऐसे में अब वह मियांदाद, ग्रीम स्मिथ,कुक और केन विलियमसन के साथ सात-सात शतक लगाने वाले क्लब में शामिल हो गए है। वहीं इस मैच में यशस्वी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 3000 रन पूरे कर लिए हैं। इसी के साथ ही वह 23 साल की उम्र में ऐसा कारनामा करने वाले 6ठे भारतीय बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गजों की सूची में अपनी जगह बना ली है। 23 साल की उम्र में बतौर भारतीय सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम है। तेंदुलकर ने इस दौरान 8696 रन बनाए थे, वहीं विराट कोहली 5052 रनों के साथ ही सूची में दूसरे स्थान पर है। इस सूची में युवराज सिंह, सुरेश रैना और रवि शास्त्री जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल हैं।

**23 साल की उम्र में भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन**

8696 – सचिन तेंदुलकर, 5052 – विराट कोहली, 3853 – युवराज सिंह, 3350 – सुरेश रैना, 3224 – रवि शास्त्री, 3000 – यशस्वी जायसवाल

# हरमनप्रीत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के लिए शीर्ष क्रम को जिम्मेदार बताया




**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्वकप मुकाबले में हार के बाद बेहद नाराज नजर आयीं। इस मैच में भारतीय टीम जीत के करीब पहुंचकर भी हार गयी। विश्वकप में ये भारतीय टीम की पहली हार है। पहले मैच में उसने श्रीलंका और दूसरे में पाकिस्तान को हराया था। हरमनप्रीत ने हार के लिए शीर्ष क्रम को जिम्मेदार बताया है। उनका कहना है कि शीर्ष क्रम ने रन नहीं बनाये। इस मैच में ऋचा घोष के साथ मिलकर निचले क्रम की बल्लेबाजों ने रन बनाकर सम्मानजनक स्कोर बनाया। ऋचा की इस मैच में 94 रनों की पारी के बाद भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में शुरुआती पांच विकेट गंवाने के बाद भी जीत हासिल कर ली।

मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, 'शीर्ष क्रम ने जिम्मेदारी से नहीं खेला और अपने विकेट सस्ते में ही गंवा दिये।ये गलती इससे पहले के मैचों में भी हुई थी हालांकि हमें काफी सबक भी मिले हैं। मुझे लगता है कि एक टीम के रूप में हमें बैठकर बात करनी होगी कि एक अच्छा स्कोर बनाने के लिए कौन सी चीजें हमारे लिए प्रभावी होंगी। यह एक लंबा टूर्नामेंट है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच हमारे लिए मुश्किल पर हमें इससे काफी कुछ सीखने को भी मिला है। इससे हमें आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिली है।' उन्होंने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला कठिन रहा। दोनों टीमों ने ही शानदार खेल दिखाया। हालांकि बल्लेबाजी करते हुए हम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये और 250 के स्कोर तक ही पहुंच पाये। दूसरी ओर विरोध टीम की क्लो और डी क्लार्क ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर मैच हमारे हाथों से छीन लिया। उन्होंने दिखाया कि पिच बहुत अच्छी थी और जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, उससे वे जीत की अधिकारी थीं।'

भारतीय टीम की ओर से ऋचा ने इस मैच में दक्षिए अफ्रीका के खिलाफ 94 रनों की पारी खेली, यह महिता एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में 8वें या उससे नीचे नंबर पर खेली गई अब तक की सबसे बड़ी पारी है। ऋचा की बल्लेबाजी को लेकर हरमन बोलीं, 'ऋचा हमेशा हमारे लिए हमेशा से ही महत्वपूर्ण खिलाड़ी रही हैं। वह हमेशा मैच का रुख बदल सकती हैं। और जिस तरह से उन्होंने कठिन हालात में बल्लेबाजी की, हम सभी इसे देखकर बहुत खुश हुए।'

## रणजी ट्रॉफी : दिल्ली ने किया टीम का ऐलान, बडोनी करेंगे कप्तानी, नीतीश राणा की वापसी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली ने हैदराबाद के खिलाफ 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के लिए शुक्रवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें आयुष बडोनी को कप्तान और यश ढुल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (DDCA) की चयन समिति ने नितीश राणा को भी टीम में शामिल किया है। राणा उत्तर प्रदेश के साथ कुछ समय तक खेलने के बाद दिल्ली की टीम में वापस आ गए हैं। DDCA सचिव अशोक शर्मा ने बताया, 'चयनकर्ताओं ने 24 खिलाड़ियों को इसलिए चुना है क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रत्येक मैच में चयन के लिए एक बड़ा पूल हमेशा उपलब्ध रहता है। जब हम दिल्ली में घरेलू मैच खेलेंगे, तो हम इसे घटाकर 15 कर देंगे।' राणा की वापसी पर शर्मा ने कहा, 'वह एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और चयनकर्ता उन्हें परखना चाहते थे। अगले मैच में हम ऋषभ पंत के खेलने की उम्मीद कर रहे हैं।' बैठक में चयनकर्ता यशपाल सिंह, के भास्कर पिल्लई और मनु नायर के साथ-साथ मुख्य कोच सरनदीप सिंह, सीएसी सदस्य सुरिंदर खन्ना और डीडीसीए के अधिकारी अशोक शर्मा (सचिव) और अमित ग्रोवर (संयुक्त सचिव) भी शामिल हुए।

**दिल्ली टीम**

आयुष बडोनी (कप्तान), यश ढुल (उप-कप्तान), अर्पित राणा, सनत सांगवान, अनुज रावत (विकेटकीपर), सुमित माथुर, शिवम शर्मा, रौनक वाघेला, नवदीप सैनी, सिमरजीत सिंह, मनी ग्रेवाल, सिद्धांत शर्मा, ध्रुव कौशिक, प्रणव राजवंशी (विकेटकीपर), नीतीश राणा, हिम्मत सिंह, आयुष दोसेजा, राहुल डागर, रितिक शौकीन, प्रियांश आर्य, तेजस्वी (विकेटकीपर), वैभव कांडपाल, रोहन राणा, आर्यन राणा (फिटनेस हासिल करने पर)।

# आईपीएल 2026 नीलामी की संभावित तारीख आई सामने, रिटेंशन की अंतिम तिथि 15 नवंबर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** IPL 2026 की नीलामी दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है, और 13-15 दिसंबर संभावित समय के रूप में उभर रहे हैं। फ्रेंचाइजी अधिकारियों, जिन्होंने BCCI अधिकारियों से बात की है। रिपोर्ट में बताया है कि चर्चा इन्हीं तारीखों पर केंद्रित है, हालांकि लीग की गवर्निंग काउंसिल ने अभी तक कार्यक्रम तय नहीं किया है। इसके अलावा इस समय इस बात का कोई संकेत नहीं है कि नीलामी विदेश में आयोजित की जाएगी, जैसा कि पिछले दो संस्करणों में हुआ था - पहले दुबई (2023) और फिर सऊदी अरब के जेद्दा (2024) में।

फ्रेंचाइजी सूत्रों का कहना है कि अगर BCCI भारत में ही मिनी-नीलामी आयोजित करने का फैसला करता है, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। हालांकि यह फैसला अभी तक पक्का नहीं हुआ है। यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि रिटेंशन की समय सीमा 15 नवंबर है। तब तक, फ्रेंचाइजी को उन खिलाड़ियों के नाम जमा करने होंगे जिन्हें वे नीलामी से पहले रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। बड़े पैमाने पर बदलाव के कोई संकेत नहीं हैं, सिवाय शायद चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के, जो पिछले सीजन में सबसे निचले पायदान पर रहे थे।

**ये खिलाड़ी हो सकते हैं रिलीज**

रिलीज सूची में कथित तौर पर शामिल खिलाड़ियों में दीपक हुड्डा, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, सैम करेन और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के डेवोन कॉनवे भी शामिल हैं। आर अश्विन के IPL से संन्यास लेने के बाद पांच बार की चैंपियन टीम के पास पहले ही 9.75 करोड़ रुपए जुड़ चुके हैं। रॉयल्स की सूची में सबसे ऊपर संजू सैमसन होंगे, जब तक कि फ्रेंचाइजी कप्तान के लिए कोई ट्रेड नहीं कर लेती।




रॉयल्स द्वारा अपने दो श्रीलंकाई स्पिनरों वानिंदु हसरंगा और महेश दीक्षाना को रिलीज करने की योजना की भी चर्चा थी, लेकिन कुमार संगकारा के मुख्य कोच के रूप में वापसी के साथ यह सोच बदल सकती है। टी नटराजन, मिशेल स्टार्क, आकाशदीप, मयंक यादव और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों को नई फ्रेंचाइजी की तलाश करनी पड़ सकती है, हालांकि अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है - ठीक वैसे ही जैसे पिछली नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर के मामले में हुआ था, जिन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

फ्रेंचाइजी के बीच चल रही चर्चा के अनुसार कैमरून ग्रीन के नीलामी में सबसे चर्चित नामों में से एक होने की उम्मीद है। चोट के कारण पिछली नीलामी से चूकने वाले इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने पहले ही कई टीमों का ध्यान आकर्षित कर लिया है और निश्चित रूप से उन पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

## राहुल डब्ल्यूटीसी में 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों के विशेष क्लब में शामिल

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज़ केएल राहुल ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले ही दिन 16 रन बनाने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। इसी के साथ ही राहुल चैंपियनशिप विश्व टेस्ट (डब्ल्यूटीसी) में 2000 रन बनाने वाले सातवें भारतीय बल्लेबाज़ बन गये। राहुल ने जेडन सील्स की गेंद पर लगातार दो चौके लगाकर अपने 2000 रन पूरे किये। इसके साथ ही वह विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ डब्ल्यूटीसी में 2000 से अधिक रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की एक खास सूची में शामिल हो गये। अभी भारतीय टीम की ओर से डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा रन ऋषभ पंत के नाम 2731 हैं। उनके बाद रोहित शर्मा 2716 रन , शुभमन गिल 2697 रन, विराट कोहली 2617 रन, रवींद्र जडेजा 2505 रन और यशस्वी जायसवाल 2251 रन हैं। वहीं विश्व में सबसे अधिक रन का रिकार्ड इंग्लैंड के जो रूट के नाम है। रुट ने अब तक 69 टेस्ट मैचों में 6080 रन बनाए हैं।



## प्रशंसक रोहित, विराट की बल्लेबाज देखने स्टेडियम जरुर जाएं : हैडिन




सिडनी । इस माह भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौर में सभी के आकार्षण का केन्द्र भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली रहेंगे। ये दोनो ही करीब सात महीने बाद खेलते नजर आयेंगे। इसी को लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ब्रैड हैडिन ने क्रिकेट प्रशंसकों ने कहा है कि इस बार स्टेडियम जाकर मैच जरुर देख लें क्योंकि ये विराट और रोहित का अंतिम दौरा हो सकता है। हैडिन ने कहा, ' वे खेल के महान खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि यह आखिरी बार होगा जब वे हमारे मैदानों पर खेलते दिखेंगे। इसलिए उनको खेलते हुए देखने के इस अवसर को मत खोना।' उन्होंने कहा कि शुभमन के कप्तान बनने के बाद अब रोहित केवल एक बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे। भारतीय टीम का ये दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें वह तीन एकदिवसीय और पाँच टी20 मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। विराट और रोहित, दोनों ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है और अब ये दोनो केवल एकदिवसीय सीरीज में ही नजर आयेंगे। टी20 से इन्होंने पहले ही संन्यास ले लिया था। रोहित ने साल 2017 में एकदिवसीय कप्तानी संभाली थी और अब तक 56 मैचों में 42 जीत दर्ज की हैं। उनका 75फीसदी का जीत प्रतिशत उन्हें दुनिया के सबसे सफल सफेद गेंद कप्तानों में शामिल करता है। हैडिन ने भारतीय टीम के उभरते हुए टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की भी जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाजी को देखने के लिए पैसे खर्च करो।'

# पूर्व क्रिकेटर जूलियन की याद में काली पट्टी बांधकर उतरी वेस्टइंडीज टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरु हुए दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर उतरे। रोस्टन चेज की कप्तानी वाली इंडीज टीम के खिलाड़ियों ने दिवंगत बर्नार्ड जूलियन की याद में काली पट्टी बांधी थी। 75 साल के जूलियन का 4 अक्टूबर को त्रिनिदाद एंड टोबैगो के वाल्सेन में निधन हो गया। जूलियन ने वेस्टइंडीज की ओर से साल 1973-77 के दौरान 24 टेस्ट और 12 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे। टेस्ट क्रिकेट में जूलियन ने 30.92 की औसत से 866 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। जूलियन ने टेस्ट मैचों में 37.36 के औसत से 50 विकेट भी लिए हैं। वह 1975 विश्वकप विजेता टीम के भी सदस्य रहे थे।

जूलियन के नाम पर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 14.33 की औसत से 86 रन दर्ज हैं। उनके नाम 18 विकेट भी हैं। दिल्ली टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज ने अपनी टीम में दो बदलाव किए. ब्रैंडन किंग और जोहान लेन की जगह पर विकेटकीपर टेविन इमलाच और तेज गेंदबाज एंडरसन फिलिप को शामिल किया गया है। दूसरी ओर भारतीय टीम की अंतिम ग्यारह में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




## मैक्सवेल को भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में खेलने की उम्मीद

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भारतीय टीम के खिलाफ अगले माह होने वाली टी20 सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। मैक्सवेल अभी कलाई की सर्जरी से उबर रहे हैं। मैक्सवेल को उम्मीद है कि वह भारतीय टीम के खिलाफ टी20 सीरीज के अंतिम तीन मैचों तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। मैक्सवेल ने अपनी दाहिनी कलाई की सर्जरी कराई है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले नेट सत्र के दौरान चोटिल हो गये थे। उन्हें भारत के खिलाफ 29 और 31 अक्टूबर को होने वाले पहले दो टी20 मैचों के लिए शामिल नहीं किया गया है। मैक्सवेल ने कहा, ''मुझे लगता है कि सर्जरी के बाद मेरे भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज में खेलने की थोड़ी उम्मीद बनी है हालांकि इसके लिए मुझे शीध्र फिटनेस हासिल करनी होगी।'' मैक्सवेल ने जल्द से जल्द फिट होने के लिए सर्जरी का विकल्प चुना, जिससे वह भारतीय टीम के साथ होने वाली सीरीज के अंतिम तीन मैचों में खेल सकें। ये मैच होबार्ट में दो नवंबर, गोल्ड कोस्ट में छह नवंबर और ब्रिस्बेन में आठ नवंबर को खेले जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, ''मैंने सर्जरी इसलिए करवाई, क्योंकि मुझे दो विकल्प दिए गए थे या तो मैं भारत के खिलाफ सीरीज से हट जाऊं या उसमें खेलने के लिए अपनी उम्मीद बनाये रखूं। इससे मेरी उस सीरीज में खेलने की उम्मीद बनी रहेगी। यदि ऐसा नहीं हुआ तो भी मैं बीबीएल में खेल पाउंगा और मुझे लगता है कि इससे मुझे शारीरिक तौर पर पूरी तरह से फिट रहने में सहायता मिलेगी।'' मैक्सवेल ने कहा कि उनकी कलाई से प्लास्टर हटा दिया गया है पर अभी वह सावधानी रखने के लिए प्लास्टिक की पट्टी पहनेंगे पर उन्हें कलाई को फिर से हिलाने-डुलाने की अनुमति मिल गयी है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर उन्होंने कहा कि वह अभी ज्यादा आगे का नहीं सोच रहे। मैक्सवेल ने कहा, ''मैं इस समय सचमुच बीबीएल के पहले दौर के बारे में सोच रहा हूं।''मैक्सवेल ने कहा कि वह आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) को लेकर उत्साहित हैं, जहां वह मेलबर्न स्टार्स की कप्तानी करेंगे। उन्होंने पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन के साथ अनुबंध को टूर्नामेंट के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।



# विराट-रोहित अजीत अगरकर की शर्तों पर सहमत, न्यूजीलैंड वनडे से पहले घरेलू टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के वरिष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के निर्देशों का पालन करते हुए आगामी विजय हज़ारे ट्रॉफी में खेलने पर सहमति जताई है। यह फैसला जनवरी में होने वाली न्यूज़ीलैंड वनडे सीरीज़ से पहले लिया गया है। अगरकर ने हाल ही में स्पष्ट किया था कि हर केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी, जो फिट और उपलब्ध है, उसे घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना होगा ताकि 2027 वनडे विश्व कप सहित भविष्य की टीम चयन प्रक्रिया में अपनी दावेदारी बनाए रखी जा सके।

**अगरकर का सख्त निर्देश- 'घरेलू क्रिकेट से दूरी अब बर्दाश्त नहीं'**

चयनकर्ता अजीत अगरकर ने वरिष्ठ खिलाड़ियों के लगातार घरेलू टूर्नामेंटों से दूरी बनाए रखने पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय मैचों के बीच लंबा ब्रेक लेने वाले खिलाड़ियों को विजय हज़ारे ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंटों में खेलना अनिवार्य होगा। ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज की घोषणा के दौरान अगरकर ने दो टूक कहा था, 'घरेलू क्रिकेट राष्ट्रीय टीम का आधार है। जो खिलाड़ी चयन की दौड़ में रहना चाहते हैं, उन्हें उसमें भाग लेना ही होगा।'

**कोहली और रोहित की उपलब्धता की पुष्टि**

रिपोर्ट के मुताबिक, कोहली और रोहित दोनों ने 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हज़ारे ट्रॉफी के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। दोनों खिलाड़ी कम से कम तीन से चार मैच खेलने के लिए तैयार हैं।

बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया, '6 दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम वनडे और 11 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के बीच पाँच हफ़्तों का अंतर है। इस दौरान खिलाड़ी अपनी राज्य टीमों के लिए खेल सकते हैं।' रोहित मुंबई और कोहली दिल्ली का प्रतिनिधित्व करेंगे।




## शाहीन अफरीदी की पाकिस्तान टेस्ट टीम में वापसी, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिला मौका

लाहौर । बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की करीब 17 महीनों के लंबे अंतराल के बाद पाकिस्तान की टेस्ट टीम में वापसी हो रही है। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच 12 अक्टूबर से लाहौर में शुरू होगा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र में यह दोनों टीमों का पहला मैच होगा।



पाकिस्तान टीम प्रबंधन ने 16 सदस्यीय टीम में चार विशेषज्ञ स्पिनरों को शामिल किया है। ऐसी चर्चा है कि ये मैच स्पिनरों की मददगार पिच पर खेले जायेंगे लेकिन टीम पहले टेस्ट में संतुलित गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगी। शाहीन शाह अफरीदी, खुर्रम शहजाद के साथ नयी गेंद संभालेंगे, जबकि स्पिन का दारोमदार नौमान अली और साजिद खान पर होगा। 25 साल के शाहीन ने मई 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ अपना पिछला टेस्ट मैच खेला था। दक्षिण अफ्रीका ने डब्ल्यूटीसी चैंपियनशिप का फाइनल जून में लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीता था। टीम को पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में हालांकि कप्तान तेम्बा बावुमा की सेवाएं नहीं मिलेंगी। वह चोटिल होने के कारण इस दौरे पर नहीं आए हैं।

# भारत के विनय ने पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**काहिरा (मिस्त्र) (एजेंसी)।** भारत के उभरते पैरा पावरलिफ्टिंग स्टार विनय ने काहिरा, मिस्त्र में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन 72 किग्रा जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। विनय ने अपने तीन प्रयासों में 137 किग्रा, 142 किग्रा और 147 किग्रा की प्रभावशाली श्रृंखलाएं दर्ज कीं। उनके 147 किग्रा के अंतिम भार को रेफरी ने अमान्य घोषित कर दिया, लेकिन 142 किग्रा का उनका दूसरा सफल भार स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए पर्याप्त था जिसमें उन्होंने पोलैंड के मिकोलज कोसियुबिंस्की को, जिन्होंने 141 किग्रा भार उठाया था, मामूली अंतर से हराया।

इक्वाडोर के सेबेस्टियन एफ. ने 137 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता। यह विनय की दूसरी बड़ी अंतरराष्ट्रीय जीत है - इससे पहले, उन्होंने मिस्त्र के शर्म-अल-शेख में पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप 2024 में 59 किग्रा जूनियर वर्ग में 120 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता था। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के रहने वाले विनय का सफर साहस और दृढ़ संकल्प से भरा है। एक गरीब परिवार में जन्मे - उनके पिता दिहाड़ी मजदूर हैं - विनय का जीवन तब बदल गया जब भारतीय पैरा पावरलिफ्टिंग टीम के कोच जे.पी. सिंह ने एक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उनकी प्रतिभा को पहचाना।

सिंह के मार्गदर्शन में विनय ने अपनी क्षमता को विश्व स्तरीय प्रदर्शन में बदल दिया। यह स्वर्ण पदक न केवल भारत के लिए अपार गौरव की बात है, बल्कि लॉस एंजेलिस पैरालंपिक 2028 के लिए क्वालीफाई करने के रास्ते में विनय की स्थिति को भी मजबूत करता है। स्वर्ण पदक जीतने के बाद, उत्साहित विनय ने कहा, 'यह पदक सिर्फ़ मेरा नहीं है - यह हर उस व्यक्ति का है जिसने मुझ पर तब विश्वास किया जब मेरे पास कुछ नहीं था।

गोरखपुर की छोटी गलियों से लेकर काहिरा के विश्व मंच तक, यह सफर आसान नहीं था। मैं भारतीय टीम के कोच जितेंद्र पाल सिंह, राजिंदर सिंह राहेलू और नितिन आर्य सर का शुक्रिया अदा करता हूँ जिन्होंने मुझमें उस समय क्षमता देखी जब किसी और ने नहीं देखी थी। मैं यह स्वर्ण पदक अपने परिवार, अपने देश और हर उस युवा एथलीट को समर्पित करता हूँ जो परिस्थितियों से परे सपने देखने की हिम्मत रखता है।'

भारतीय टीम के कोच जेपी सिंह ने कहा, 'विनय की जीत कड़ी मेहनत, अनुशासन और विश्वास की सफलता का प्रतिबिंब है। जब मैं उनसे पहली बार मिला था, तब उनमें अटूट शक्ति थी, लेकिन कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं था। आज, वह एक विश्व चैंपियन हैं। उनकी सफलता दर्शाती है कि सही समर्थन के साथ, भारत के पैरा एथलीट किसी भी वैश्विक मंच पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।'



भारत ने इस विश्व चैंपियनशिप में 3 जूनियर और 22 सीनियर एथलीटों सहित 25 पैरा पावरलिफ्टरों की एक मजबूत टीम उतारी है।

# वित्त विभाग ने 7,350 करोड़ की पीएलआई योजना पर उठाए सवाल

## - योजना से चीन पर निर्भरता घटेगी, पर नई आयात निर्भरता पैदा होगी

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्त विभाग (डीओई) ने भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) द्वारा प्रस्तावित 7,350 करोड़ की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना पर सवाल उठाए हैं। यह योजना देश में रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई है, जिससे चीन से आयात पर निर्भरता कम की जा सके। वित्त विभाग ने चेताया कि योजना से एक निर्भरता कम जरूर होगी, लेकिन भारत को दुर्लभ पृथ्वी ऑक्साइड के लिए अन्य देशों पर निर्भर होना पड़ेगा। भारत में केवल इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड (आईआरईएल) ही 500 टन ऑक्साइड की आपूर्ति कर सकती है, जबकि 5 प्लांटों के लिए सालाना 1,500 टन की जरूरत होगी। डीओई ने यह भी चिंता जताई कि भारी सब्सिडी मिलने से कंपनियों को लागत घटाने या नवाचार करने की प्रेरणा नहीं मिलेगी। साथ ही, अगर हर ऑटोमोबाइल कंपोनेंट में कमी या संकट के चलते अलग योजना




बनेगी, तो यह एक गलत उदाहरण बन सकता है। विभाग ने यह भी सवाल किया कि आरईपीएम योजना को नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन के तहत क्यों नहीं लाया गया। साथ ही यह सुझाव दिया कि सरकार को स्पष्ट दीर्घकालिक रणनीति बनानी चाहिए, क्योंकि दुनिया आरईपीएम के विकल्प जैसे आयरन नाइट्राइड और स्ट्रॉन्शियम-फेराइट मैग्नेट्स की ओर बढ़ रही है।

# एसबीआई में एमडी पद प्राइवेट बैंकरों के लिए खुला

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने पहली बार देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) के पद पर प्राइवेट सेक्टर के अनुभवी बैंकरों को आवेदन करने का मौका दिया है। अब एसबीआई के चार एमडी पदों में से एक पर प्राइवेट क्षेत्र के उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। यह बदलाव सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों में नेतृत्व चुनने के तरीके में क्रांतिकारी माना जा रहा है। फाइनेंशियल सर्विसेज इंस्टीट्यूशंस ब्यूरो (एफएसआईबी) को उम्मीदवारों का मूल्यांकन कर सिफारिश करने का अधिकार दिया गया है। इस प्रक्रिया में अब एनुअल परफारमेंस एप्रेसियल रिपोर्ट अनिवार्य नहीं होगी, जो पहले शीर्ष पदों के लिए जरूरी थी। एफएसआईबी उम्मीदवारों की व्यवहारिक और कौशल क्षमता के आकलन के लिए एचआर एजेंसी की मदद भी ले सकेगा, पर चयन में एजेंसी शामिल नहीं होगी। इसके अलावा उम्मीदवारों को पिछले दस साल में किसी प्रकार की सजा नहीं मिली होनी चाहिए। इस पद के लिए आवश्यक है कि उम्मीदवार के




पास कम से कम 21 साल का प्रोफेशनल अनुभव हो, जिसमें 15 साल बैंकिंग क्षेत्र का अनुभव अनिवार्य है। साथ ही, उम्मीदवार को किसी बैंक के बोर्ड स्तर पर दो साल या बोर्ड से नीचे टॉप लेवल पर तीन साल का अनुभव होना चाहिए।

# इरडा के तिमाही नतीजे 14 अक्टूबर को आएंगे, दमदार रिजल्ट की उम्मीद





## कंपनी ने दूसरी तिमाही में लोन सैंक्शन और डिस्बर्समेंट में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की

**नई दिल्ली ।**

इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (इरडा) अपने दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2025) के वित्तीय नतीजे 14 अक्टूबर 2025 को जारी करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि इस दिन बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में तिमाही और एच1 (हाफ ईयर) के स्टैंडअलोन और कंसॉलिडेटेड नतीजों को मंजूरी दी जाएगी। इरडा ने इस तिमाही में बिजनेस के लिहाज से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कंपनी ने जुलाई से सितंबर 2025 के बीच 33,148 करोड़ रुपए के लोन सैंक्शन किए, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 17,860 करोड़ के मुकाबले 86 फीसदी ज्यादा है। वहीं लोन डिस्बर्समेंट 15,043 करोड़ रुपए रहा, जो साल-दर-साल आधार पर 54 फीसदी की बढ़त है। नवंबर 2023 में आईपीओ लॉन्च करने वाली इरडा का शेयर 32 रुपए पर जारी हुआ था और लिस्टिंग के दिन 50 रुपए पर खुला। तब से अब तक इसका शेयर मूल्य 149.15 रुपए तक पहुंच चुका है, जिससे निवेशकों को शानदार रिटर्न मिला है। अब बाजार की नजर 14 अक्टूबर को आने वाले वित्तीय नतीजों पर है। निवेशक खासतौर पर कंपनी की आय, मुनाफा और एसेट क्वालिटी में सुधार की उम्मीद कर रहे हैं।

# अब अमेजन पर भी रॉयल इनफील्ड की बाइक ऑनलाइन उपलब्ध




## - घर बैठे होगी डिलीवरी, पांच शहरों में शुरू हो गई सर्विस

**नई दिल्ली ।**

अगर आप रॉयल इनफील्ड की बाइक खरीदना चाहते हैं तो अब आपको शोरूम जाने की जरूरत नहीं होगी। अब फ्लिपकार्ट के बाद अमेजन ने भी रॉयल इनफील्ड की बाइक ऑनलाइन उपलब्ध करा दी है। अब अपने पसंद की बाइक को घर पर ही डिलीवर करवा सकते हैं। फिलहाल यह सुविधा देश के 5 शहरों में शुरू की गई है और आगे इसमें अन्य शहरों को भी जोड़ा जाएगा। प्रीमियम मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने बताया है कि उसके ब्रांड वाली 350 सीसी की सभी मोटरसाइकिल अब ऑनलाइन ई-कॉमर्स मंच अमेजन से खरीदी जा सकेंगी। इसमें क्लासिक 350, बुलेट 350, हंटर 350, गोअन क्लासिक 350 और नई मेट्योर 350 जैसी बाइक शामिल हैं। कंपनी के अनुसार अब ये सभी बाइक अमेजन इंडिया पर रॉयल एनफील्ड ब्रांड के बिक्री केंद्र के जरिये बेची जाएंगी। ग्राहक ऑनलाइन ऑर्डर करने के बाद अपने घर पर ही डिलीवरी ले सकते हैं। फिलहाल पांच प्रमुख शहरों अहमदाबाद, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली और पुणे के ग्राहकों के लिए ही यह सेवा शुरू की गई है। इन शहरों में मोटरसाइकिल की आपूर्ति और बिक्री के बाद की सेवाएं ग्राहक के शहर में मौजूद उनके पसंदीदा रॉयल एनफील्ड डीलरशिप के जरिये की जाएगी। अमेजन से पहले फ्लिपकार्ट ने भी रॉयल इनफील्ड की बाइक को ऑनलाइन बेचना शुरू कर दिया है। फ्लिपकार्ट पर 22 सितंबर यानी नवरात्र की शुरुआत से ही 350 सीसी वाली बाइकों की बिक्री शुरू की जा चुकी है। कंपनी ने बताया है कि 350 सीसी की रेंज वाली सभी बाइक उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। फ्लिपकार्ट इन बाइकों की डिलीवरी देश के 5 चुनिंदा शहरों में कर रहा है, इसमें बेंगलुरु, गुरुग्राम, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई शामिल हैं।

# 2026 की दूसरी तिमाही में लॉन्च होगी निसान टेकटॉन

**नई दिल्ली ।**

बहुराष्ट्रीय कंपनी निसान मोटर इंडिया ने अपनी मोस्ट-अवेटेड सी-सेगमेंट एसयूवी, टेकटॉन, का खुलासा कर दिया है। भारतीय बाजार में कंपनी इसे 2026 की दूसरी तिमाही में लॉन्च करने वाली है। टेकटॉन निसान और रेनॉल्ट की साझेदारी वाले चेन्नई प्लांट में तैयार होगी और भारत के साथ कुछ ग्लोबल मार्केट्स में भी एक्सपोर्ट की जाएगी। यह एसयूवी प्रीमियम और प्रैक्टिकल दोनों ही तरह की है और इसे हुंडई क्रेटा, किआ सेल्टोस, मारुति ग्रैंड विटारा, टोयोटा हायराइडर, स्कोडा कुशाक और फॉक्सवैगन टाइगुन जैसी गाड़ियों को टक्कर देने के लिए तैयार किया गया है।

'टेकटान' नाम ग्रीक शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'कारीगर' या 'निर्माता।' निसान का कहना है कि यह नाम उनकी इंजीनियरिंग और डिजाइन फिलॉसफी को दर्शाता है। कंपनी इसे उन ग्राहकों के लिए पेश कर रही है जो अपने करियर, जीवनशैली और पैशन के जरिए अपनी पहचान बनाते हैं।

टेकटॉन का डिज़ाइन आकर्षक और दमदार है। इसमें फ्लैट बोनट, वी-मोशन ग्रिल, स्प्लिट हेडलैम्प्स और सी-शेप एलईडी डीआरएलएस



शामिल हैं। रग्ड बंपर, बड़े अलॉय व्हील्स और चौड़े व्हील आर्च इसे मजबूत लुक देते हैं।

टेकटॉन निसान की भारत में नई ग्रोथ स्ट्रैटेजी का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके बाद कंपनी सब-4 मीटर एमपीवी और 7-सीटर एसयूवी भी पेश करेगी। साइड प्रोफाइल में हिमालय से प्रेरित डबल-सी पैटर्न है, जबकि पीछे की ओर फुल-विड्थ एलईडी टेललाइट बार, स्क्वेयर लैंप्स और रियर स्पॉइलर इसकी प्रीमियम अपील बढ़ाते हैं। पावरट्रेन के मामले में यह एसयूवी सीएमएफ-बी प्लेटफॉर्म पर बेस्ड होगी। इसमें पेट्रोल और हाइब्रिड इंजन ऑप्शन मिलने की उम्मीद है, और टॉप वैरिएंट में ऑल-व्हील ड्राइव भी हो सकता है।

# रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 13 पैसे की बढ़त के साथ ही 88.66 पर बंद हुआ। सबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 88.80 पर कमजोर खुला, लेकिन जल्द ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.78 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त है। गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 88.79 पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और आयातकों की मांग के कारण रुपये पर दबाव पड़ा। हालांकि, घरेलू बाजारों में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में कमी ने गिरावट पर अंकुश लगाया। छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.32 पर रहा।



# असम में चाय उद्योग में सभी उत्पादकों की जगह बनी रहनी चाहिए: रवि कोटा

**कोलकाता ।** असम के मुख्य सचिव रवि कोटा ने कहा है कि राज्य के चाय उद्योग में मौजूद दोहरी संरचना, जिसमें बड़े संगठित उत्पादक और छोटे चाय उत्पादक (एसटीजी) शामिल हैं, भविष्य में भी बनी रहनी चाहिए। उन्होंने इस संरचना को आवश्यक बताते हुए कहा कि दोनों को एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाए बिना सह-अस्तित्व बनाए रखना होगा। असम भारत का सबसे बड़ा चाय उत्पादक राज्य है, जो देश की सालाना चाय उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा देता है। बड़े संगठित उत्पादकों को बागान अधिनियम के तहत कई कल्याणकारी दायित्व निभाने होते हैं, जबकि छोटे उत्पादक इन दायित्वों से मुक्त हैं। एसटीजी का योगदान भारत की कुल चाय उत्पादन में 50 फीसदी से अधिक है। कोटा ने चाय के लिए न्यूनतम स्थायी मूल्य (एमएसपी) लागू करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक ऐसा मॉडल तैयार किया जाना चाहिए जो किसानों के लिए न्यायसंगत हो। साथ ही चाय के आयात में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उत्पाद के मूल स्रोत की जानकारी उपभोक्ताओं को मिलनी चाहिए।

# जुबिलेंट हॉलिस्टरस्टियर करेगी अमेरिका में 300 मिलियन डॉलर का निवेश

## - स्टेराइल इंजेक्टेबल्स की उत्पादन क्षमता होगी दोगुनी

**नई दिल्ली ।** जुबिलेंट फार्मा लिमिटेड की अमेरिकी शाखा जुबिलेंट हॉलिस्टरस्टियर एलएलसी अमेरिका में अपनी स्टेराइल इंजेक्टेबल दवाओं की उत्पादन क्षमता को दोगुना करने के लिए 300 मिलियन डॉलर (लगभग 2,500 करोड़) का निवेश करेगी। यह निवेश वित्त वर्ष 2027–28 तक पूरा होने की योजना है। कंपनी ने यह विस्तार वाशिंगटन के स्पोकेन में स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में किया है, जहां तीसरी उत्पादन श्रृंखला की स्थापना 132 मिलियन डॉलर की लागत से की गई है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह वेश कंपनी की उत्पादन क्षमता को मौजूदा 5 करोड़ शीशियों से बढ़ाकर 10 करोड़ शीशियों प्रति वर्ष कर देगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फार्मा उत्पादों पर लगाए गए भारी शुल्कों के चलते लिया गया है, ताकि अमेरिकी बाजार में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा मिल सके और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जा सके।

JUBILANT PHARMOVA

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 328.72 अंक की बढ़त के साथ 82,500.82 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.55 अंक बढ़कर 25,285.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ।




आज निफ्टी पर 3,174 शेयरों में से 1,905 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। वहीं 1,177 शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। इसके अलावा 92 शेयरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया।

आज सिप्ला , एसबीआई , मारुति सुजुकी , डॉ. रेड्डीज़ लैब्स व भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर बढ़त पर बंद हुए जबकि टा स्टील, टीसीएस व एचडीएफसी लाइफ का शेयरगिरावट के साथ 747.30 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर में भी गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 50 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 82,075.45 पर खुला। खुलने के बाद इंडेक्स में गिरावट बढ़ गई और यह 82,072 तक फिसल गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 25,167.65 पर खुला। । एशिया के बाजारों में वॉल स्ट्रीट की तरह ही गिरावट देखी गई। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 1.08 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.85 फीसदी और जापान का निक्केई 0.63 फीसदी नीचे आया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.81 फीसदी ऊपर रहा। अमेरिकी शेयर बाजार अपने हालिया रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे गिर गए। एसएंडपी 500 में 0.28 फीसदी की गिरावट आई। नैस्डैक में 0.08 फीसदी की गिरावट आई और डॉव जोन्स 0.52 फीसदी गिरकर बंद हुआ।

# एयर इंडिया की नई उड़ान सेवा दिल्ली से लंदन 26 अक्टूबर से

**नई दिल्ली ।** एयर इंडिया ने आगामी शीतकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए दिल्ली और लंदन (हीथ्रो) के बीच अपनी चौथी दैनिक उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। यह नई सेवा 26 अक्टूबर से शुरू होगी। इसके साथ ही लंदन रूट पर एयर इंडिया की कुल साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 24 से बढ़कर 28 हो जाएगी। कंपनी के अनुसार, इस अतिरिक्त उड़ान से यात्रियों के लिए प्रति सप्ताह 1,196 सीटें और उपलब्ध हो जाएंगी। सर्दियों के व्यस्त मौसम को देखते हुए यह कदम यात्रियों को अधिक विकल्प और लचीलापन प्रदान करेगा। नई उड़ान सेवा से भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार, पर्यटन और पारिवारिक यात्रा को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एयर इंडिया का यह विस्तार अंतरराष्ट्रीय संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक और अहम कदम माना जा रहा है।



# इक्सिगो 1,296 करोड़ में प्रोसस को 10.1 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा




**नई दिल्ली ।** यात्रा बुकिंग मंच इक्सिगो ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसे वैश्विक प्रौद्योगिकी निवेशक प्रोसस से 1,295.56 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त होगा। यह निवेश तरजीही इक्विटी निर्गम के माध्यम से किया जाएगा। प्रोसस की सहायक कंपनी एमआईएच इंवेस्टमेंट वन बी.वी. को 280 रुपए प्रति शेयर की दर से 4.62 करोड़ इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, जो कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 10.1 फीसदी है। इक्सिगो ने बताया कि यह पूंजी कंपनी की विस्तार योजनाओं, कार्यशील पूंजी जरूरतों और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों को पूरा करने में उपयोग की जाएगी। इस निवेश के साथ, इक्सिगो को न केवल वित्तीय मजबूती मिलेगी, बल्कि एक अनुभवी वैश्विक निवेशक का साथ भी मिलेगा, जो इसके भविष्य के विकास में सहायक हो सकता है।

# आईपीओ के ज़रिए भारत ने जुटाए 14.2 अरब, दुनिया में चौथे स्थान पर

## - 74 कंपनियों ने जुटाए 85,241 करोड़, छोटे आईपीओ ने दिए 40 फीसदी तक रिटर्न

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत ने वर्ष 2025 में आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) के ज़रिए पूंजी जुटाने के मामले में दुनिया में चौथा स्थान हासिल किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय कंपनियों ने इस वर्ष कुल 14.2 अरब डॉलर (85,241.08 करोड़) जुटाए, जो पिछले पांच वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी राशि है। भारत से आगे अमेरिका (52.9 अरब डॉलर), हांगकांग (23.4 अरब डॉलर) और चीन (16.2 अरब डॉलर) रहे।

इस वर्ष भारत में कुल 74 कंपनियों ने आईपीओ लाए, हालांकि इसमें बीवर्क इंडिया, टाटा कैपिटल और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया जैसे तीन बड़े आईपीओ शामिल नहीं हैं, जो लगभग 30,000 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी में हैं। जनवरी 2024 से अब तक 21 महीनों में 161 कंपनियों के आईपीओ सूचीबद्ध हुए हैं, जिनमें निवेशकों को औसतन 22 फीसदी रिटर्न मिला, जो निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन है। इनमें से 61 फीसदी आईपीओ ने छह महीने में निफ्टी से अधिक रिटर्न दिया। विश्लेषण में यह भी सामने आया कि छोटे आकार के आईपीओ अधिक लाभदायक रहे हैं। 2 डॉलर मिलियन से कम वाले आईपीओ ने 40 फीसदी तक का रिटर्न दिया, जबकि 1 अरब डॉलर से अधिक के बड़े




आईपीओ का औसत रिटर्न केवल 9 फीसदी रहा। गौरतलब है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 2025 में सेकेंडरी मार्केट से जहां 18 अरब डॉलर निकाले, वहीं प्राथमिक बाजार में 5 अरब डॉलर का निवेश किया। यह भारत के आईपीओ बाजार में उनके भरोसे को दर्शाता है।

# भारत में 47 फीसदी आबादी अब भी ऑफलाइन

## - महिलाओं की डिजिटल भागीदारी 33 फीसदी कम

**नई दिल्ली।** ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन (जीएसएमए) की ताजा रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि भारत की लगभग 47 प्रतिशत आबादी अब भी इंटरनेट से जुड़ी नहीं है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 में जीएसएमए एशिया एक अधिकारी ने यह जानकारी साझा की। गोर्मन के अनुसार, डिजिटल पहुंच में सबसे बड़ी बाधा मोबाइल डिवाइस की ऊंची कीमतें और तकनीकी ज्ञान की कमी है। इसके अलावा, मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने में महिलाएं पुरुषों से 33 प्रतिशत पीछे हैं। यह बढ़ता डिजिटल लैंगिक अंतर देश के समावेशी विकास के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। जीएसएमए की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था 2013 के 108 अरब डॉलर से बढ़कर 2023 में 370 अरब डॉलर तक पहुंच गई है, और 2030 तक इसके 1,000 अरब डॉलर को पार करने की संभावना है। लेकिन यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर डिजिटल पहुंच और नवाचार में असमानता दूर नहीं की गई, तो 2047 तक भारत के डिजिटल संप्रभुता लक्ष्यों को प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है। रिपोर्ट ने यह भी उजागर किया कि भारत डिजिटल बुनियादी ढांचे और मोबाइल अपनाने में अग्रणी है, पर अनुसंधान एवं विकास, निजी क्षेत्र की भागीदारी और कुशल तकनीकी पेशेवरों की उपलब्धता के मामले में अभी भी पिछड़ रहा है।



# नीरू बाजवा ने की नई फिल्म की घोषणा

बॉलीवुड फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में अपनी अदाकारी से सभी को अपना दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नीरू बाजवा ने अपनी नई पंजाबी फिल्म जवाक की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया है। नीरू बाजवा ने 5 अक्तूबर 2025 को अपनी आगामी फिल्म जवाक की घोषणा इंस्टाग्राम पोस्ट पर की है। इस पोस्ट के साथ नीरू ने कैप्शन में लिखा, और अधिक पढ़ें...अपने आंद्रे जवाक नू हमेशा जिओंदा राखो, जे वड्डे बन ना ता। सिनेमाघरों में 17 अप्रैल 2026। जवाक का निर्देशन जतिंद्र महुअर कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं। जबकि फिल्म की स्क्रिप्ट जगदीप वारिंग ने लिखी है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


## नीरू बाजवा का करियर

हाल ही में नीरू बाजवा अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में नजर आई थीं। नीरू ने अपने करियर की शुरुआत देव आनंद की हिंदी फिल्म मैं सोलह बरस की (1998) से की थी, जिसके बाद उन्होंने कई हिंदी टेलीविजन धारावाहिकों में काम किया. उन्होंने पंजाबी सिनेमा में अपनी खास जगह बनाई और जट्ट एंड जूलियट, सरदार जी, लौंग लाची, शादा, काली जोत्ता जैसी कई हिट फिल्में दीं। अभिनय के अलावा नीरू निर्देशन और प्रोडक्शन में भी हाथ आजमा चुकी हैं। उन्हें तीन बार पीटीसी पंजाबी फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हॉलीवुड की फिल्म इट लिव्स इनसाइड से शुरुआत की है।




# अली अब्बास जफर की फिल्म में दिखेगी अहान पांडे और शरवरी वाघ की जोड़ी

'सैयारा' फेम अहान पांडे और शरवरी वाघ की जोड़ी बड़े पर्दे पर पहली बार साथ दिखाई देगी। यह जोड़ी अली अब्बास जफर की नई फिल्म में साथ दिखाई देने वाली है, इस बात की पुष्टि हो गई है। फिलहाल फिल्म का नाम फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन पता चला है कि फिल्म की लीड एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने इसके अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने इस खबर की पुष्टि करते हुए आईएएनएस से कहा, सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है और अहान पांडे आज हमारे देश के सबसे बड़े जेन जी अभिनेता हैं। शरवरी 100 करोड़ रुपये की ब्लॉकबस्टर फिल्म मुंज्या का भी हिस्सा थीं। आपके पास दो शानदार कलाकार हैं जिन्होंने साबित



कर दिया है कि सिर्फ उम्दा अभिनय ही लोगों को सिनेमाघरों तक खींच सकता है।

उन्होंने आगे कहा, दशकों बाद आपके पास बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परिणाम देने वाले नवोदित और युवा कलाकार हैं। यह अली अब्बास जफर जैसे बड़े फिल्म निर्माताओं को एक ऐसी युवा फिल्म बनाने के लिए उत्साहित करता है, जो रोमांटिक होने के साथ ही एक एक्शन फिल्म भी है। सूत्र ने आगे कहा कि इन दोनों युवा कलाकारों को डायरेक्ट करने के लिए अली अब्बास जफर भी उत्साहित हैं। फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है। इसे आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। मेरे ब्रदर की दुल्हन, गुंडे, सुल्तान और टाइगर जिंदा है के बाद अली जफर और आदित्य चोपड़ा की यह पांचवीं फिल्म है। एक अन्य शख्स ने बताया कि मेकर्स को सैयारा की सफलता के बाद अहान पांडे पर भरोसा बढ़ा है। उनका मानना है कि अहान के अंदर जेन जी को सिनेमाघरों में लाने की ताकत है, इसलिए वे भी इसे भुनाना चाहते हैं। कुछ समय पहले ऐसी खबरें आई थीं कि दोनों साथ काम कर सकते हैं, अब यह बात पुख्ता हो गई है। वैसे पर्दे पर पहली बार शरवरी वाघ और अहान पांडे की जोड़ी साथ दिखाई देगी। इस बारे में जानने के बाद से ही सोशल मीडिया पर लोग इस फिल्म के लिए अभी से ही उत्साहित हैं।



# निक्की तंबोली ने धनश्री वर्मा पर कसा तंज



रियलिटी शो राइज एंड फॉल में नजर आ रहे अरबाज पटेल की गर्लफ्रेंड निक्की तंबोली ने हाल ही में शो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो के जरिए उन्होंने धनश्री वर्मा को एक्सपोज किया है। दरअसल, निक्की ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें धनश्री कहती है निक्की ने जानबूझकर मेरे सामने बोला कि लोग वीडी में क्या बात करते हैं। मैं बेवकूफ नहीं हूं। बुलाओ उसे, बुलाओ सभी वीडी वालों को। मैंने एक बार भी आपके खिलाफ कुछ नहीं कहा है। निक्की ने इस क्लिप के साथ कैप्शन लिखा, वफादारी की अदाकारी मत करो हमारे सामने, हम शक्ल से नस्ल पहचानने का हुनर रखते हैं। बता दें, निक्की हाल ही में शो में आई थीं। इस दौरान उन्होंने अरबाज से कहा था गेम में बहुत बड़ा धोखा हो रहा है धनश्री से। वह इस सीजन में राइज एंड फॉल की सबसे ज्यादा नापसंद की जाने वाली प्रतियोगी हैं।

# HRX फिल्म्स के बैनर तले ऋतिक करेंगे पहली सीरीज का निर्माण



ऋतिक अमेजन प्राइम वीडियो के लिए एक सीरीज बनाने वाले हैं। ऋतिक का एक बड़ा ओटीटी प्रोजेक्ट है, क्योंकि इस पर वो पिछले 3 साल से काम कर रहे हैं। अजितपाल सिंह इस सोशल थ्रिलर सीरीज के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं, जो इससे पहले वेब सीरीज टब्बर के जरिए एक खूबसूरत कहानी दर्शकों के बीच पेश कर चुके हैं। इस सीरीज के प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसकी शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू होगी। सबा के साथ अलाया एफ भी इसमें अहम भूमिका में हैं, वहीं आशीष विद्यार्थी विलन बने हैं। ऋतिक का पूरा ध्यान फिलहाल प्रोडक्शन पर है, ताकि जो विजन इसके लिए उन्होंने सोचा था, वो हासिल किया जा सके। ये बतौर निर्माता ऋतिक की पहली सीरीज है। इसके बाद ऋतिक कृष 4 पर काम करेंगे, जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर है। पिछली बार उन्हें वेब सीरीज क्राइम बीट में छोटी सी भूमिका में देखा गया था।

# अक्षय ओबेरॉय ने यश के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की



**अभिनेता अक्षय ओबेरॉय हाल ही में फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आए हैं। यह फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। अब अक्षय ने फिल्म 'टॉक्सिक' में साउथ सुपरस्टार यश के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की।**



अक्षय ने बताया कि टॉक्सिक की सबसे बड़ी उपलब्धि यश के साथ काम करने का मौका था। पूरी दुनिया यश की प्रशंसक है। उनके साथ काम करके, मैंने इतना कुछ सीखा कि मुझे एहसास हुआ कि मुझमें क्या कमी थी। मैं यहां यह कह रहा हूं कि काश इंडस्ट्री मुझे ज्यादा नोटिस करती और आप ये सवाल पूछ रहे हैं मैं इससे सहमत हूं। लेकिन वह वन-मैन इंडस्ट्री की तरह हैं। उन्हें किसी की जरूरत नहीं है। उन्हें अपनी प्रतिभा साबित करने या ऑफर देने के लिए किसी की जरूरत नहीं है। उन्हें अवसरों की जरूरत नहीं है, वह खुद उन्हें बनाते हैं। यह बहुत प्रेरणादायक है। वह एक-व्यक्ति, चलता-फिरता, बोलता इंडस्ट्री है। मैं बस यही सोचता था कि अगर मैं उनके इस कैरेक्टर और ऊर्जा को पकड़ सकता हूं, तो मुझे भी कोई नहीं रोक सकता।

**'टॉक्सिक' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं फैंस**

गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इसे यश की आगामी मच अवेटेड फिल्मों में गिना जा रहा है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।
फिल्म को पहले इसी साल रिलीज होना था, लेकिन अब इसे अगले साल 2026 में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में यश के साथ कियारा आडवाणी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'टॉक्सिक' के अलावा यश नितेश तिवारी की 'रामायण' को लेकर भी चर्चाओं में हैं।

## साउथ में और भी काम करना चाहते हैं अक्षय

टॉक्सिक को लेकर अक्षय ने कहा कि फैंस ढेर सारे सरप्राइज की उम्मीद कर सकते हैं। मुझे लगता है कि इस फिल्म के बारे में जितना कम कहूं, उतना ही अच्छा है। फिल्म में ढेर सारे सरप्राइज हैं। मुझे अपने किरदार में बहुत मजा आया और मुझे एक्शन करना बहुत पसंद है। आगे साउथ में और भी काम करने पर एक्टर ने कहा कि अगर मुझे मौका मिलेगा तो मैं जरूर करूंगा। मैं मलयालम, तेलुगु या तमिल फिल्म में काम करना पसंद करूंगा। मुझे साउथ में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा लगा और मैं उम्मीद करता हूं कि मुझे वहां से और भी काम मिलेगा। नई भाषा में काम करने की चुनौती के बारे में अक्षय ने कहा कि मुझे भाषाओं और लहजों में रुचि है और मुझे उनसे आनंद मिलता है। बेशक यह एक चुनौती है, लेकिन मुझे इसमें बहुत मजा आता है। भाषाएं और लहजे सीखना मेरे लिए स्वाभाविक है। इसलिए मुझे काम में मजा आया।



# एक एक्टर और निर्देशक के रूप में कांतारा मेरे लिए एग्जॉस्ट करने वाली फिल्म रही

**क्लैपर बॉय से एक्टर-डायरेक्टर बनने के सफर में ऋषभ शेट्टी के करियर में कड़े संघर्ष के कई दौर आए, मगर कलाकार बनने का उनका जज्बा कभी भी धूमिल नहीं हुआ। सहायक निर्देशक और एक-दो सीन वाली भूमिकाएं करने वाले ऋषभ ने गुजारे के लिए छोटे-बड़े सभी काम किए और आखिरकार उनकी किस्मत का सितारा चमका कांतारा की सुपर सक्सेज से। इन दिनों वे चर्चा में हैं कांतारा चैप्टर 1 से।**

**एक अदाकार के रूप में आपकी यात्रा के बारे में बात करूं, तो उसमें भी कई उतार-चढ़ाव और संघर्ष रहा?**
हर किसी को अपने हिस्से का संघर्ष तो करना ही पड़ता है। खास तौर पर मैं अगर आर्ट फॉर्म की बात करूं, तो आप उसे नहीं चुनते बल्कि वो आपको चुनता है। आपको यहां तक पहुंचने के लिए एक प्रक्रिया से तो गुजरना ही पड़ता है। मैं अपने संघर्ष को एक प्रोसेस मानता हूं। ये सच है कि मैंने छोटे-बड़े सभी काम किए हैं। मैं पानी की बोतलें बेचा करता था। मैंने रियल एस्टेट और होटल में भी काम किया। इंडस्ट्री में मैंने क्लैपर बॉय के रूप में शुरुआत की। कई छोटे-छोटे रोल्स किए, मगर मैंने कभी किसी काम को कमतर नहीं समझा। अपनी पहली कमाई आज भी याद है मुझे। पानी की बोतल बेच कर मैंने 25 रुपए कमाए थे। मैं एक बड़ी मैडम के घर पानी पहुंचाने गया था और उस काम के मुझे 25 रुपए मिले थे। उस वक्त पच्चीस रुपए भी बहुत बड़ी रकम लगी थी मुझे।

**आप एक ऐसे कलाकार हैं, जो परिवार को साथ लेकर चलने में यकीन रखते हैं।**
बिलकुल, क्योंकि परिवार नहीं होगा, तो मेरा कोई अस्तित्व ही नहीं होगा। मेरी पत्नी प्रगति कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं। इस पार्ट वन और टू की कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग उन्होंने ही की है। पार्ट वन रहा हो या टू वे पूरी तरह से मेरी इमोशनल स्ट्रेंथ रहीं। खतरनाक एक्शन सीन्स के दौरान वे लगातार भगवान से प्रार्थना करती थीं। उन्हें पूरी यूनिट की चिंता रहती थी। शूटिंग के दौरान मैं महीनों तक घर नहीं जा पाता था, क्योंकि हमें लगातार शूटिंग करनी होती थी, ऐसे समय में मैं लोकेशन के आस-पास की जगहों या होटल्स में ठहरता था ताकि अगले दिन समय पर शूटिंग में पहुंच सकूं। एक एक्टर और निर्देशक के रूप में कांतारा मेरे लिए एक एग्जॉस्ट करने वाली फिल्म रही है, ऐसे में भावनात्मक रूप से उन्होंने ही मुझे संभाला। शूटिंग दौरान वे घर में बच्चों की देखरेख भी कर रही थीं और मुझसे मिलने शूटिंग पर भी आया करती थीं।

**आज दर्शक हर भाषा में कॉन्टेंट देख रहा है, मगर भाषा के नाम पर जो विवाद पैदा किए जाते हैं, उनके बारे में क्या कहना चाहेंगे?**
हमारी डायवर्सिटी हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसे समझाना होगा। तभी तो हमारे करेंसी नोट पर कोई एक भाषा नहीं होती। हमारे नोट पर जितनी भाषाएं हैं, असल में हमारे पास उससे भी कहीं अधिक लैंग्वेज हैं। यही भारत की पहचान है। मेरा मानना है कि भाषा पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए। हम सभी को एक-दूसरे की भाषाओं को सम्मान देना चाहिए। हमारी मातृभाषा हमारे चरित्र की परिचायक है। हम जब सामने वाले की भाषा को इज्जत देंगे, तभी हमारी भाषा को रिस्पेक्ट मिलेगी।

**अपनी पहली फिल्म कांतारा से पैन इंडिया स्टार का दर्जा हासिल करना कैसा लगता है?**
सच कहूं, तो मैं इन बातों को नहीं समझता। मुझे तो यही सब जिम्मेदारी लगती है। मुझे लगता है कि मुझे यदि देश भर के लोग पसंद कर रहे हैं, तो मुझे ज्यादा जिम्मेदार होने की जरूरत है। मुझे और अधिक कोशिश करनी होगी कि मैं लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरूं। सफलता और तारीफ हासिल करने के बाद मुझे लगता है कि मेहनत डबल हो जाती है।

## फिल्म में एक्टर-डायरेक्टर की दोहरी जिम्मेदारी का संतुलन कैसे स्थापित किया

इसका श्रेय मैं अपनी टीम को देना चाहूंगा। चाहे वो मेरे राइटर्स की टीम हो , प्रोड्यूसर हों या कैमरामैन, मैं अगर कोई एक आइडिया पिच करता हूं, तो हर कोई मेरा साथ देने को तैयार हो जाता है। हम साथ मिलकर आईडिया एक्स्प्लोर कर लेते हैं। अब जैसे इस फिल्म की मूल कहानी हमारे देव कोला और लोक कथाओं से प्रेरित थी। जब इस कहानी का विचार आया तो सभी को भा गया। मुझे लगता है, किसी भी फिल्म की सफलता का क्रेडिट टीमवर्क को जाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in